पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 163 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म।प्र।/4-474/2024-26

भोपाल
16 दिसंबर 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25.0 अधिकतम
4.8 न्यूनतम




Page-7

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा मद्रास हाईकोर्ट का फैसला, बायपास नहीं होगी भर्ती की प्रक्रिया

# ऊंचे पदों पर पहुंचने की सीढ़ी नहीं हो सकती अनुकम्पा में मिली नौकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अनुकम्पा के आधार पर सरकारी नौकरी में आना और फिर प्रमोशन के लिए दावेदारी को देश की सर्वोच्च अदालत ने गलत ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए टिपण्णी की कि अनुकंपा के आधार पर नौकरी उच्च पदों पर पहुंचने की सीढ़ी नहीं है। इसी के साथ सर्वोच्च अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि माता-पिता की नौकरी के दौरान मौत होने पर पारिवारिक मुश्किलों को कम करने के लिए अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाला व्यक्ति सिर्फ इसलिए ऊंचे पदों पर नियुक्ति की मांग नहीं कर सकते, क्योंकि उनके पास इसके लिए जरूरी योग्यता है।



मामला तमिलनाडु का है जिसमे हाईकोर्ट ने सरकार को दो लोगों को जूनियर असिस्टेंट के पद पर प्रमोट करने का निर्देश दिया था। इन दोनों को उनके पिता की मौत के कारण सहानुभूति के आधार पर शुरू में स्वीपर के तौर पर नियुक्त किया गया था। ऐसा इसलिए क्योंकि 2007 और 2012 में उनकी नियुक्ति के समय उनके पास उस पद के लिए जरूरी योग्यता थी। दोनों ने 2015 में हाई कोर्ट का रुख किया था।

### सहानुभूति के तहत दी जाती है नियुक्ति

बेंच ने कहा कि नौकरी के दौरान मरने वाले कर्मचारी के योग्य रिश्तेदार को सहानुभूति के आधार पर नौकरी इसलिए दी जाती है ताकि मृतक के परिवार को मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सके। पीठ ने कहा कि ऐसी नियुक्ति जो असाधारण परिस्थितियों में होती है, उसे सिर्फ इस आधार पर ऊंचे पद का दावा करके सीनियरिटी में आगे बढ़ने की सीढ़ी के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता कि वह उस पद के लिए योग्य है। जस्टिस बिंदल ने फैसले में कहा कि एक बार जब मृतक कर्मचारी के आश्रित को सहानुभूति के आधार पर नौकरी दे दी जाती है, तो उसका अधिकार खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद, ऊंचे पद पर नियुक्ति की मांग करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। नहीं तो, यह कभी न खत्म होने वाली सहानुभूति का मामला होगा।

### कर्मचारी नहीं कर सकता अधिकार का दावा

शीर्ष कोर्ट ने आगे कहा कि दूसरी नौकरियों के लिए भर्ती नियमों और कायदों के तहत होती है, जो सभी योग्य उम्मीदवारों पर लागू होते हैं। इसलिए, यह गलत होगा कि अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाले व्यक्ति को भर्ती प्रक्रिया को दरकिनार कर सीधे प्रमोशन मिल जाए। अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाला व्यक्ति किसी ऊंचे पद के लिए योग्य हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे उस पद पर नियुक्त होने का अधिकार है। यह नियमों, नीति और उस श्रेणी में उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करता है। दरअसल यह भर्ती का कोई अतिरिक्त जरिया नहीं है, बल्कि सरकारी नौकरियों में सभी को समान अवसर देने के सामान्य नियम का एक अपवाद है। ऐसे में सहानुभूति के आधार पर नौकरी पाने वाले व्यक्ति को भर्ती प्रक्रिया को बायपास करने और प्रमोशन पाने की अनुमति देना गलत होगा।

## न्यूज विंडो

### मैक्सिको में लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 की मौत

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मध्य मेक्सिको में एक छोटा निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान सात लोगों की मौत हो गई। विमान के टकराते ही इलाके में आग लग गई और अफरा-तफरी मच गई। मेक्सिको स्टेट सिविल प्रोटेक्शन समन्वयक एड्रियान हर्नांडेज़ के मुताबिक, यह दुर्घटना सैन मातेओ अतेन्को इलाके में हुई।

### कश्मीर में काउंटर इंटेलिजेंस की छापेमारी

**जम्मू, एजेंसी।** काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने आज आतंकी गतिविधियों से जुड़ी चल रही जांच के तहत कश्मीर घाटी में कई जगहों पर सुबह-सुबह छापे मारे। यह कार्रवाई घाटी के सात जिलों में फैले 12 ठिकानों पर की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में सर्च वारंट मिलने के बाद बाद यह छापेमारी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच आतंकी अपराधों से जुड़ी है, जिसमें आतंकवाद का ऑनलाइन महिमामंडन और लोगों को कट्टरपंथी बनाकर आतंकी संगठनों में भर्ती करने की कोशिशें शामिल हैं।



### सिडनी के आतंकी भारतीय पासपोर्ट पर मनीला गए थे

**मनीला, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए हमले से इस्लामिक स्टेट के तार जुड़ने की बात सामने आई है। इसी बीच, एक और चौंकाने वाला दावा सामने आया है। फिलीपींस ने दावा किया है कि पाकिस्तानी मूल के पिता-पुत्र भारत के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर ऑस्ट्रेलिया पहुंचे और सिडनी में खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। फिलीपींस के इस दावे पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं कि इनका पासपोर्ट फर्जी होगा।

### जॉर्डन में बोले मोदी भारत के पास स्किल और स्केल दोनों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जॉर्डन में पीएम मोदी ने बिजनेस मीट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने दोनों देशों के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'दुनिया में कई देशों के साथ सीमाएं तो मिलती ही हैं, कई देशों के बाजार भी मिलते हैं, लेकिन भारत और जॉर्डन के संबंध ऐसे हैं, जहां ऐतिहासिक विश्वास और भविष्य के आर्थिक अवसर एक-साथ मिलते हैं। पीएम ने कहा हमारे पास स्किल और स्केल दोनों है। भारतीय कंपनियां जॉर्डन के माध्यम से अमेरिका और कनाडा समेत अन्य देशों की बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं।

### आज का कार्टून

Trump टैरिफ-टैरिफ खेलते रहे, PM मोदी ने पलट दिया गेम...भारत किसी के भरोसे नहीं!




### तड़के 3.30 बजे हुआ हादसा, जब सो रहे थे लोग

# कोहरे से कोहराम
# 7 बसें टकराईं 13 जिंदा जले

**मथुरा, एजेंसी**

यमुना एक्सप्रेस वे पर आज तड़के घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। सुबह करीब 3:30 बजे बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर बसों में सवार यात्री थे, जो जिंदा जल गए। जबकि 80 से अधिक यात्री घायल हो गए। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य की शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय विजिबिलिटी लगभग शून्य थी। कोहरे के चलते एक के बाद एक सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटें उठते ही बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की टीमें मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और घायलों को वाहनों से बाहर निकाला गया। घायलों को जिला अस्पताल मथुरा और वृंदावन में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर किया गया है। 38 लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं। जिनका उपचार चल रहा है।



कानपुर निवासी अमन यादव ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार से बांके बिहारी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। घने कोहरे के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। तभी अचानक सामने से आए वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी और उसके बाद लगातार कई वाहन आपस में टकराते चले गए। हमीरपुर की नसीमा ने बताया कि वह अपने पति के साथ मजदूरी करने पानीपत जा रही थीं। उनकी बस सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई, जिसके बाद उसमें तेजी से आग लग गई। किसी तरह जान बचाई जा सकी, लेकिन उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आगरा से नोएडा की ओर जाने वाले यमुना एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया, जिसे बाद में यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से ट्रैफिर सुचारू कराया।

### भोपाल में बीती सीजन की सबसे सर्द रात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पारा 4.8°

राजधानी भोपाल में इस सीजन की सबसे सर्द रात गुजरी। सोमवार-मंगलवार की रात यहां पारा 4.8 डिग्री पर आ गया। इससे पहले सीजन का सबसे कम तापमान 5.2 डिग्री 17 नवंबर को दर्ज किया गया था। आने वाले दिनों में इसके और नीचे जाने के आसार हैं। पिछले एक सप्ताह से प्रदेश के कई जिलों में तापमान 9 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के करीब आधे हिस्से में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। आज 22 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के 12 जिलों में दृश्यता घटकर महज 50 मीटर तक रह सकती है। इन इलाकों में हालात ऐसे रहेंगे कि कुछ ही दूरी पर देख पाना मुश्किल होगा। वहीं, भोपाल, विदिशा, सागर, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां कोहरे के कारण 500 मीटर तक विजिबिलिटी रहने का अनुमान है।

#### दिल्ली सहित उत्तर में 10 मीटर देखना मुश्किल

देश के ज्यादातर मैदानी इलाकों में घना कोहरा छा रहा है। खासतौर से दिल्ली-एनसीआर में हालात खराब हैं। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर शहरों से रोजाना दुर्घटनाओं की खबरें आ रही हैं। यूपी के लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या और गोरखपुर समेत 35 शहर मंगलवार सुबह कोहरे की चादर में लिपटे रहे। सड़कों पर 10 मीटर तक देखना मुश्किल है। राजस्थान के अलवर में विजिबिलिटी 20, तो श्रीगंगानगर में 5 मीटर तक हो गई। राज्य के 20 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ।

### नेशनल हेराल्ड: दिल्ली कोर्ट में सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की शिकायत रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की एक अदालत ने आज नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज कर दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने अपने आदेश में कहा कि यह मामला किसी एफआईआर का नहीं, बल्कि सीआरपीसी की धारा 200 के तहत एक व्यक्ति की निजी शिकायत पर आधारित है। इसलिए ईडी की ओर से



प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दायर शिकायत विचार योग्य नहीं है। नेशनल हेराल्ड मामला बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी की एक शिकायत से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू पहले ही एफआईआर दर्ज कर चुकी है। ऐसे में ईडी की दलीलों पर फैसला देना जल्दबाजी और गलत होगा।

### कैबिनेट में मेट्रो का बजट बढ़ाने की मंजूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मोहन यादव सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद आज पहली कैबिनेट बैठक में भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का बजट बढ़ाने को मंजूरी मिल गई है। साथ ही प्रदेश में वन विज्ञान केंद्र और 6 नए विज्ञान केंद्र खोले जाने पर मुहर लगी। वहीं मुख्यमंत्री ने आज मंत्रालय से संबल योजना के तहत 160 करोड़ रुपए जारी किए। यह राशि 7227 मामलों में सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की गई। इस मौके पर पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी उपस्थित रहे।

### बंगाल में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट जारी, वोटर लिस्ट से कटे 58 लाख नाम

**कोलकाता , एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के तहत राज्य की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए नामों की सूची जारी कर दी। मृत्यु, स्थानांतरण, डुप्लिकेशन, गुमशुदगी और अन्य कारणों से 2026 की मसौदा सूची से 58 लाख से अधिक या 58 लाख पूर्व-मौजूद मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं की सटीक संख्या 5,820,898 है। चुनाव आयोग ने पोर्टल पर कहा है कि संबंधित लोग मसौदा मतदाता सूची 2026 के प्रकाशन के बाद, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि के दौरान, घोषणा पत्र और सहायक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र 6 में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। यह अवधि 15 जनवरी, 2026 तक है, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** — स्पेस कंपनी 'स्पेसएक्स' की वजह से आया उछाल, मस्क की इसमें 42 फीसदी हिस्सेदारी

# एलन मस्क बने 600 अरब डॉलर संपत्ति वाले दुनिया के पहले इंसान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। उनकी कुल संपत्ति 600 अरब डॉलर को पार कर गई और फोर्ब्स के अनुसार अब यह करीब 677 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। कोई इंसान पहले कभी इतना अमीर नहीं हुआ था। यह उछाल मुख्य रूप से उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स की वजह से आया है। स्पेसएक्स की वैल्यूएशन हाल ही में 800 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। कंपनी अगले साल पब्लिक होने की तैयारी कर रही है। मस्क के पास स्पेसएक्स में करीब 42 फीसदी हिस्सेदारी है, जिससे सिर्फ इस वैल्यूएशन बढ़ोतरी से उनकी संपत्ति में 168 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अक्टूबर में ही वे 500 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने वाले पहले व्यक्ति बने थे। अब यह नया रिकॉर्ड उनके लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। स्पेसएक्स की यह नई वैल्यूएशन एक टेंडर ऑफर से आई है, जो अगस्त में 400 अरब डॉलर से दोगुनी हो गई। कंपनी 2026 में आईपीओ लाने की योजना बना रही है, जो इतिहास की सबसे बड़ी लिस्टिंग हो सकती है। मस्क की इस हिस्सेदारी ने उनकी संपत्ति को रॉकेट की तरह ऊपर पहुंचा दिया। इसके अलावा, मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने भी उनकी संपत्ति बढ़ाने में मदद की है। टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 13 फीसदी ऊपर हैं, भले ही कंपनी की बिक्री में कुछ गिरावट आई हो। मस्क के पास टेस्ला में करीब 12 फीसदी हिस्सा है। सोमवार को शेयर करीब 4 फीसदी चढ़ गए, क्योंकि मस्क ने बताया कि कंपनी रोबोटैक्सी का टेस्ट कर रही है, जिसमें आगे की सीट पर सेफ्टी मॉनिटर की जरूरत नहीं पड़ रही है। मस्क, टेस्ला, स्पेसएक्स ने इस खबर पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। लेकिन निवेशक और बाजार उत्साहित हैं। मस्क की संपत्ति अब दूसरे नंबर के सबसे अमीर व्यक्ति से सैकड़ों अरब डॉलर आगे है।

#### टेस्ला ने दिया एक ट्रिलियन डॉलर का पे पैकेज

नवंबर में टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर का पे प्लान मंजूर किया। यह कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा पे पैकेज है। निवेशकों ने मस्क के विजन को समर्थन दिया, जिसमें टेस्ला को सिर्फ ईवी कंपनी से आगे एआई और रोबोटिक्स की दिग्गज बनाने की योजना है। यह फैसला मस्क की संपत्ति को लंबे समय तक मजबूत बनाए रखेगा।मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी &AI भी चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 15 अरब डॉलर की नई फंडिंग जुटाने की बातचीत में है। इससे कंपनी की वैल्यूएशन 230 अरब डॉलर हो जाएगी। यह मस्क के कारोबारी साम्राज्य को और विस्तार देगा।



### 10वीं-12वीं परीक्षा का परिणाम सुधारने पर जोर

# पहली बार परीक्षा के दिन भी कक्षाएं लगेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं सात फरवरी से आयोजित की जाएंगी। इस बार स्कूल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के परिणाम को बेहतर करने के लिए प्रयास कर रहा है। तिमाही, छमाही व प्री-बोर्ड परीक्षा के दौरान भी विशेष कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसके लिए स्कूलों के शिक्षकों व प्राचार्यों को लक्ष्य दिया गया है कि जिनके स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत आएगा। उन्हें राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिन स्कूलों का परिणाम पिछले साल 30 फीसदी से कम आया है। उन्हें परिणाम बेहतर करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि सुधार किया जा सके।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिले की समीक्षा बैठक लेकर लक्ष्य तय किया है। खराब परिणाम वाले स्कूलों के शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि विगत दिनों मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर यह निर्देश दिए हैं कि बेहतर परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों में दसवीं का 74 प्रतिशत और 12वीं का 76 प्रतिशत से अधिक परिणाम आए हैं। मप्र बोर्ड 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा पांच से 13 जनवरी तक होंगी। वहीं 10वीं की छह से 13 जनवरी तक आयोजित होंगी। दोनों कक्षाओं के परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होंगी। पहली बार प्री-बोर्ड परीक्षा के दिन भी कक्षाएं लगाई जाएंगी। इसमें अगले दिन के विषय की तैयारी कराई जाएगी। विद्याथियों को करीब एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र



पहुंचना होगा। मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं सात फरवरी से आयोजित की जाएंगी। इस बार स्कूल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के परिणाम को बेहतर करने के लिए प्रयास कर रहा है। तिमाही, छमाही व प्री-बोर्ड परीक्षा के दौरान भी विशेष कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

**विद्यार्थियों को आधे घंटे पहले आना होगा:** परीक्षा कक्ष में आधा घंटा पहले आना होगा। पांच मिनट पहले प्रश्नपत्र वितरित किया जाएगा। अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर पाठ्यक्रम पूरा हो गया है तो रिवीजन कराने के लिए कहा गया है। अगर पाठ्यक्रम बाकी है तो जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इग्नू में पुन: पंजीयन के लिए आवेदन 15 जनवरी 2026 तक

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुफ्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए पुन: पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र अब अपने अगले सेमेस्टर या अगले वर्ष की पढ़ाई जारी रखने के लिए 15 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इग्नू के अपर निदेशक डॉ. अशुमान उपाध्याय के अनुसार छात्र नए विषय चुन सकते हैं और ऑनलाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। इग्नू ने स्पष्ट किया है कि छात्र भुगतान केवल डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई जैसे सुरक्षित ऑनलाइन तरीकों से ही करें। अगर भुगतान दिखाई देने में समय लगता है, तो छात्रों को दोबारा भुगतान करने के बजाय प्रतीक्षा करनी चाहिए। अगर दो बार पैसा कटता है, तो अतिरिक्त राशि अपने

### बीयू में शोध कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल

# परीक्षा कार्यों का भुगतान नहीं छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा असर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीयू के कॉलेज प्रोफेसर्स को परीक्षा संबंधी कार्यों का भुगतान नहीं करने का असर अब सीधे छात्रों के भविष्य पर पड़ने लगा है। विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही परीक्षाएं, मूल्यांकन और शोध प्रक्रियाएं केवल औपचारिकता बनती जा रही हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति पीएचडी छात्रों की है, जहां वायवा के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी एसटर्नल



का खर्च अब खुद स्कॉलर्स को उठाना पड़ रहा है। विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पेपर सेटिंग, उड्डार-पुस्तिका मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा, पीएचडी थीसिस मूल्यांकन और वायवा जैसे अहम कार्य कॉलेज प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और अतिथि विद्वान करते हैं, लेकिन कई वर्षों से शिक्षकों का मानदेय और टीए-डीए लंबित है। भुगतान प्रक्रिया इतनी जटिल है कि कई शिक्षक अब बिल लगाना ही बंद कर चुके हैं।

पीएचडी स्कॉलर्स पर सबसे बड़ा बोझ पीएचडी वायवा के लिए बाहरी एसटर्नल बुलाना अनिवार्य है, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान नहीं के कारण अब यह जिम्मेदारी पीएचडी स्कॉलर पर डाल दी गई है। सूत्रों के अनुसार एसटर्नल के आने-जाने, ठहरने और खाने तक का खर्च स्कॉलर को वहन करना पड़ता है। पहले से सीमित फेलोशिप में पढ़ रहे शोधार्थियों के लिए अतिरिक्त बोझ उनकी पढ़ाई और शोध को प्रभावित कर रहा है।

### पीजी, यूजी छात्रों की परीक्षा भी प्रभावित

पीजी पाठ्यक्रमों में नियम है कि वायवा के लिए एक एसटर्नल राज्य के बाहर से होना चाहिए, लेकिन भुगतान न होने के कारण बाहर के प्रोफेसर आ ही नहीं रहे। कई जगह मजबूरी में छात्रों से ही एसटर्नल का भुगतान करवाया जा रहा है। एमएससी जैसे विषयों में तो पेपर सेटिंग के लिए भी बाहर से विशेषज्ञ नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे परीक्षा की गुणवड्डा पर सवाल उठने लगे हैं। आठ-दस साल से यही स्थिति बनी हुई है। कई प्रोफेसर्स को आज तक भुगतान नहीं मिला। यदि विश्वविद्यालय ने समाधान नहीं किया, तो सबसे बड़ा नुकसान छात्रों को होगा।

# अवधपुरी-खजूरी रोड पर खुदाई बनी मुसीबत



**भोपाल।** अवधपुरी-खजूरी रोड पर चल रही सड़क की खुदाई ने आम नागरिकों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। जगह-जगह खोदी गई सड़क, मिट्टी और गिट्टी के ढेर के कारण रास्ता बेहद संकरा हो गया है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदाई के बाद सड़क को ठीक से समतल नहीं किया गया है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने का डर झेल रहे हैं, वहीं चारपहिया वाहनों को निकलने में भारी दिक्कत हो रही है।

# 132 मरीजों ने कराई आंखों की जांच, 13 को निकला मोतियाबिंद

### सेवासदन का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा श्यामपुर के पास बराड़ी कलां में नि:शुल्क दृष्टि दोष नेत्र रोग जांच और मोतियाबिंद शिविर लगाया। यह शिविर स्व. मालती देवी और स्व. मदनलाल जी उपाध्याय एवं बराड़ी वाले उपाध्याय परिवार के पूर्वजों की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित करवाया गया। इस अवसर पर सरपंच एलम सिंह, नागेष उपाध्याय, योगेष उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, संतोष त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नूतन त्रिपाठी सहित सेवा सदन की टीम उपस्थित थी। शिविर में कुल 132 लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई। उनमें 67 पुरुष एवं 65 महिलाएँ शामिल थीं। जाँच के दौरान कुल 13 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें सेवा सदन की एम्बुलेंस से संतनगर लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन सभी मरीजों के ऑपरेशन सोमवार को किए गए। जिन लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत नहीं पाई गई, उन्हें आंखों के ड्रॉप्स नि:शुल्क प्रदान किये गये।



### सेवा सदन को जितेश के नेत्रों का दान



हिरदाराम नगर. विजय नगर, लालघाटी निवासी जितेश चंचलानी का देहावसान रविवार को हो गया। दिवंगत प्राणी के छोटे भाई हेमन्त चंचलानी ने अपने बड़े भाई जितेश चंचलानी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,283 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# 19 तक भोपाल से बेंगलुरु के लिए चलेगी अतिरिक्त फ्लाइट

### त्योहारी सीजन और बिजनेस ट्रैवल के चलते हुआ फैसला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयर इंडिया ने बेंगलुरु-भोपाल रूट पर अतिरिक्त फ्लाइट चलाने का फैसला किया है। यह विशेष सेवा शुरू हो गई है जो 19 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध रहेगी। इससे राजा भोज एयरपोर्ट से दक्षिण भारत के प्रमुख शहर बेंगलुरु के लिए हवाई कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। एयर इंडिया की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक, अतिरिक्त फ्लाइट नंबर ए 3391 दोपहर 2.30 बजे बेंगलुरु से भोपाल के लिए उड़ान भरेगी। वहीं वापसी में फ्लाइट नंबर ए 3392 भोपाल से शाम 3.05 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना होगी।



यह अतिरिक्त उड़ान सीमित अवधि के लिए शुरू की जा रही है, ताकि त्योहारी सीजन और बिजनेस ट्रैवल के चलते बढ़ी मांग को पूरा किया जा सके। फिलहाल इस रूट पर इंडिगो एयरलाइंस रोजाना दो फ्लाइट्स संचालित कर रही है। शनिवार और रविवार को यात्रियों की संख्या ज्यादा होने पर यह संख्या तीन हो जाती है। अब एयर इंडिया की अतिरिक्त फ्लाइट जुड़ने से 19 दिसंबर के बीच भोपाल-बेंगलुरु रूट पर रोजाना कुल चार उड़ानें उपलब्ध रहेंगी, जिससे यात्रियों को टिकट और समय दोनों में सुविधा मिलेगी।

### संत कॉलेज में एनएसएस का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# 'सामाजिक सेवा ऊर्जा का सकारात्मक संचार'

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अनंत सक्सेना, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना बीयू एवं राहुल सिंह परिहार, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना बीयू थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा हम सभी मिलकर हर समय सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। अनुशासन एकता और समर्पण के साथ हम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। राहुल सिंह परिहार ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक संचार स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि एनएसएस स्वयंसेवक इस मंच के माध्यम से स्वयं को राष्ट्रीय स्तर तक स्थापित कर



सकते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महाविद्यालय की स्वयंसेविका चित्रा भोजवानी का राज्य स्तरीय शिविर एवं तानिया पाटिल का राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन हुआ है।

डॉ. अनंत सक्सेना कहा कि हर व्यक्ति के भीतर कोई न कोई विशेष क्षमता अवश्य होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना वह सशक्त मंच है, जो सामाजिक सेवा के माध्यम से उन क्षमताओं को पहचानने, निखारने और आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। रासेयो न केवल सेवा का भाव जगाती है, बल्कि यह सीखने और सिखाने का एक जीवंत माध्यम है, जहाँ स्वयंसेवक समाज के लिए कार्य करते हुए स्वयं को भी एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सक्षम नागरिक के रूप में विकसित करते हैं। कार्यक्रम में रासेयो गीत, मध्य प्रदेश के लोकनृत्य, देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।



# वास्तुकला के क्षेत्र में प्रभावशाली भूमिका के लिए प्रेरणा को मिला अवॉर्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स सेंटर द्वारा डिज़ाइन एप्रिसिएशन अवॉर्ड्स दिए गए। आर्किटेक्ट प्रेरणा कोठारी को उनके दीर्घकालीन योगदान और वास्तुकला के क्षेत्र में प्रभावशाली भूमिका के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर आर्किटेक्ट्स, शिक्षाविदों, डिज़ाइनर्स और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। चेयरमैन आर्किटेक्ट अक्षय सेलुकर ने बताया कि यह पुरस्कार भोपाल में हो रहे उत्कृष्ट और वास्तु कार्यों को पहचान दिलाने तथा स्थानीय आर्किटेक्ट्स को एक साझा मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**मेट्रो एंकर**

### खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज से, 20 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल


# दिवंगत अभिनेता धर्मेन्द्र और असरानी को समर्पित रहेगा महोत्सव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में आज से सात दिवसीय खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का भव्य आगाज होने जा रहा है। यहां शिल्पग्राम परिसर में 22 दिसंबर तक आयोजित यह महोत्सव दिवंगत अभिनेता धर्मेन्द्र और असरानी को समर्पित रहेगा। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का ग्यारहवां संस्करण है।

अभिनेता एवं खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि इस वर्ष 20 देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधि इस समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री से कई अभिनेता-अभिनेत्री सहित कई विदेशी कलाकार भी इस फिल्म महोत्सव में शामिल





होंगे। महोत्सव के गवर्निंग काउंसलर मनमोहन शेट्टी, रमेश सिप्पी, बोनी कपूर, गोविंद निहलानी, प्रहलाद कक्कड़, नितिन नंदा और चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के दौरान सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का प्रदर्शन खजुराहो परिक्षेत्र के सात टपरा सिनेमाहाल में किया जाएगा। इसमें नवोदित फिल्मकारों की चयनित शॉर्ट फिल्मों का भी प्रदर्शन होगा।

बुंदेला ने बताया कि खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का यह 11वां संस्करण है। यह महोत्सव दिवंगत प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र तथा अभिनेता असरानी को समर्पित रहेगा। इस बार भी महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों का भी प्रदर्शन होगा, जिसके लिए पहले की तरह सात टपरा सिनेमाहाल तैयार किए गए हैं, जो महोत्सव में देश विदेश के कलाकारों और निमार्ताओं - निर्देशकों के साथ-साथ फिल्म प्रशंसकों, पर्यटकों तथा स्थानीय दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शाम को मंच पर शानदार कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य मंच पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति होंगी। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा फिल्म कलाकारों के लिए फिल्म एवं रंगमंच, तकनीक कार्यशाला और मास्टर क्लास का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में देश-विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के विषय विशेषज्ञ, फिल्म निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। व्याख्यान सत्र में फिल्म समीक्षक, पत्रकार और फिल्म विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए हैं।

# समाज के दोहरे मापदंड को नाटक के जरिए किया प्रस्तुत


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रंग संस्कृति नाट्य समारोह के अंतिम दिवस की संध्या पर रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप के राग बंध सभागार में पढ़िए कलिमा का मंचन किया गया। यह नाटक उर्दू के मशहूर कथाकार सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित रहा। नाटक पहले भी कई बार मंचित हो चुका है, लेकिन हर प्रस्तुति में इसकी प्रासंगिकता और प्रभाव और गहराता नजर आता है। कहानी की सशक्तता, निर्देशक की सूझबूझ और अभिनेता बालेंद्र सिंह का दमदार अभिनय आर बार नाटक को नया आयाम देता है। 1947 के आजादी काल के दंगों और बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नाटक का नाट्य रूपांतरण प्रसिद्ध



नाटककार राजेश कुमार द्वारा किया गया है। नाटक मानव की गहरी इच्छाओं और संवेदनाओं को केंद्र में रखता है। इसमें स्त्री और पुरुष के मनोभावों आकांक्षाओं और उनके औचित्य पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। नाटक समाज के उस दोहरे मापदंड को सामने लाता है जहां पुरुष की इच्छा को सहज स्वीकार्यता मिलती है जबकि स्त्री की आकांक्षाओं पर सवाल खड़े किए जाते हैं।

## संगीतनगरी में तानसेन समारोह का आगाज



### संगीतज्ञ पंडित राजा काले, पंडित तरुण भट्टाचार्य हुए सम्मानित

**ग्वालियर।** ग्वालियर में संगीत का महाकुंभ तानसेन समारोह पारंपरिक ढंग से शुरू हो गया है। सोमवार सुबह समारोह में हरिकथा, मिलाद, शहनाई वादन और चादरपोशी की गई। वहीं शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली जुड़कर इसका औपचारिक शुभारंभ किया। विश्वविख्यात शास्त्रीय गायक पंडित राजा काले (मुंबई) को वर्ष 2024 तथा सुप्रसिद्ध संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य (कोलकाता) को वर्ष 2025 के राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मंडलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 का राजा मानसिंह तोमर सम्मान प्रदान किया गया।

## सूबे में 1733 एकड़ जमीन पर किया गया अवैध कब्जा

# सेना की जमीनों पर एमपी में सबसे ज्यादा अतिक्रमण, यूपी देश में है दूसरे नंबर पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश में रक्षा मंत्रालय की जमीन सबसे ज्यादा अतिक्रमण की चपेट में है। पूरे देश में जितनी भी डिफेंस लैंड अतिक्रमण की जद में है, उसमें सबसे बड़ा हिस्सा अकेले मध्य प्रदेश का है। एमपी में 1,733.21 एकड़ रक्षा भूमि पर अवैध कब्जा है, जो देश के अन्य राज्यों में सबसे ज्यादा है। इस सूची में उत्तर प्रदेश 1,639.33 एकड़ के साथ दूसरे नंबर पर है। ये जानकारी केंद्र सरकार ने लोकसभा में दिए जवाब में दी है।

### 11 हजार एकड़ से ज्यादा डिफेंस लैंड पर कब्जा

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देशभर में कुल 11,152.15 एकड़ रक्षा भूमि अतिक्रमण के अधीन है। यह जमीन सेना, वायुसेना और अन्य सशस्त्र बलों के अधीन आती है। इस पूरे आंकड़े में मध्य प्रदेश अकेले करीब 16त्न हिस्से के साथ पहले नंबर पर है। जहां अतिक्रमण के मामले में मध्य प्रदेश पहले नंबर पर है, वहीं अतिरिक्त (सरप्लस) रक्षा भूमि के मामले में मध्यप्रदेश की स्थिति अपेक्षाकृत पीछे है। मध्य प्रदेश में 566.44 एकड़ रक्षा भूमि ऐसी है जिसे सशस्त्र बलों की मौजूदा जरूरत से अधिक बताया गया है।

### सरप्लस डिफेंस लैंड वाले टॉप-10 में भी एमपी नहीं

उत्तर प्रदेश (8,840.70 एकड़)
उत्तराखंड (8,693.57 एकड़)
महाराष्ट्र (6,781.35 एकड़) जैसे राज्य काफी आगे हैं, जबकि मध्य प्रदेश टॉप-10 में भी शामिल नहीं है।



### 13 एकड़ डिफेंस लैंड अदालतों में उलझी

सिर्फ अतिक्रमण ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की 112.95 एकड़ रक्षा भूमि कानूनी विवादों में भी फंसी हुई है। देशभर में कुल 8,113.04 एकड़ रक्षा भूमि अलग-अलग अदालतों में मुकदमों के कारण अटकी हुई है, जिससे उसका उपयोग न सैन्य उद्देश्यों के लिए हो पा रहा है और न ही किसी दूसरे सरकारी प्रोजेक्ट के लिए इन जमीनों का उपयोग हो पा रहा है।

**डिजिटलीकरण के बावजूद क्यों बढ़ा अतिक्रमण?**– सरकार ने संसद को बताया कि रक्षा भूमि के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और जियो-टैगिंग पूरी की जा चुकी है, लेकिन सुरक्षा कारणों से यह डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी, वर्षों पुराने कब्जे और लंबी कानूनी प्रक्रियाएं अतिक्रमण हटाने में सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं।

### इन कामों में उपयोग होती है डिफेंस लैंड

डिफेंस लैंड का उपयोग सेना, वायुसेना, नौसेना, प्रशिक्षण क्षेत्र, गोदाम, कैंटोनमेंट आदि के लिए होता है। डिफेंस लैंड के रिकॉर्ड डिफेंस एस्टेट्स ऑर्गेनाइजेशन और कैंटोनमेंट बोर्ड के पास होते हैं। लेकिन, ये रिकॉर्ड आंतरिक, सीमित उपयोग के लिए होते हैं। और ये रिकॉर्ड सार्वजनिक वेबसाइटों पर अपलोड नहीं किए जाते। नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल का भवन निर्माण पिछले दो साल से अटका हुआ है। वजह है, जिस जमीन पर स्कूल बनाया जाना है, वह रक्षा मंत्रालय की भूमि है और उसकी लीज वर्ष 1985 में ही समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद जमीन का उपयोग लंबे समय से शैक्षणिक उद्देश्य के लिए हो रहा है, लेकिन नए निर्माण को अब तक कानूनी मंजूरी नहीं मिल पाई है।

### सीएम राइज स्कूल का काम अटकने की वजह

साल 2022-23 में पचमढ़ी को सीएम राइज स्कूल के लिए चुना गया। भवन निर्माण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और लोक निर्माण विभाग ने प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान रक्षा संपदा अधिकारी, जबलपुर ने स्पष्ट किया कि भूमि अब भी रक्षा भूमि है, लीज नवीनीकरण स्वीकृत नहीं है, इसलिए निर्माण से पहले रक्षा मंत्रालय की अनुमति अनिवार्य है।

### ग्वालियर में 21 एकड़ जमीन पर अवैध बसाहट

ग्वालियर के मुरार कैंटोनमेंट (छावनी क्षेत्र) से सिविल आबादी वाला एरिया अलग होने में प्रशासन और सेना के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। सबसे बड़ा पेंच सेना की जमीन (ए-1 लैंड) यानी कि सैन्य अधिपत्य और सैन्य कार्य की जमीन होती है। कैंटोनमेंट एरिया के लाल टिपारा, महेशपुरा, सुतारपुरा आदि इसी जमीन पर बसे हुए हैं। मुरार कैंटोनमेंट एरिया में सिविल आबादी करीब 55 हजार से ज्यादा है, ये लोग कैंटोनमेंट के 7 वार्ड एरिया में रहते हैं। सैन्य छावनी के इन वार्डों में रहने वाले लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं जुटाने पर सेना को काफी फंड खर्च करना पड़ता है। कैंटोनमेंट एरिया खत्म करने के पीछे एक प्लानिंग ये भी है कि सेना के बजट से ये अतिरिक्त खर्च हटाए जा सकें और सेना सिर्फ अपने काम व अपनी जमीन पर फोकस रखे।

## केंद्र की तय डेडलाइन से पहले ही मध्यप्रदेश की भूमि से नक्सलियों का हुआ सफाया, सीएम बोले-

# नक्सल-मुक्त हुआ मप्र, अब मिलेगी विकास को रफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने लगभग 35 साल नक्सलवाद का दंश झेला। यह एक बड़ी चुनौती थी, पर राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों की प्रतिबद्धता से 11 दिसंबर 2025 को नक्सलवाद प्रदेश के नक्शे से पूरी तरह मिटा दिया गया। यह दिन प्रदेश में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की धरती से नक्सलवाद को समूल खत्म करना हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। नक्सलवाद और लाल आतंक देश के हर हिस्से में विकास आधारित गतिविधियों में बाधक था। इससे आम नागरिकों में इसके कारण भय का माहौल होता था। ऐसे में नक्सलियों और नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने बालाघाट में अंतिम दो नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराया और मध्यप्रदेश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम कर दिया। अब इससे प्रभावित क्षेत्रों में विकास को एक नई दिशा और एक नई रफ्तार मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास को गति देने के लिए मध्यप्रदेश में दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से खत्म करना अति आवश्यक था। मध्यप्रदेश ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह द्वारा देश से नक्सलवाद के खात्मे के लिए तय डेडलाइन से करीब साढ़े तीन महीने पहले ही यह ऐतिहासिल उपलब्धि हासिल कर ली है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) में 42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने समर्पण कर विकास की धारा से जुड़ना स्वीकार किया है। वहीं, प्रदेश में वर्ष 2025 में 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सफलता का श्रेय राज्य के बहादुर पुलिस अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षाबलों को दिया है।



### नक्सलियों के पुनर्वास के लिए बनाई जा रही विशेष योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष योजना बनाई है। साथ ही प्रदेश में अब एक ऐसा तंत्र भी विकसित किया जाएगा, जिससे दोबारा मध्यप्रदेश की धरती पर नक्सलवादी या अन्य अतिवादी मूवमेंट खड़े न हो पाएं। इसके लिए सभी पड़ोसी राज्यों के साथ भी जरूरी समन्वय किया जा रहा है।

## आज से तहसील कार्यालय में बटेंगे टोकन

# रतलाम में यूरिया नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों का एमपी एग्रो गोदाम पर धरना

**रतलाम, दोपहर मेट्रो**

यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने मंडी स्थित एमपी एग्रो गोदाम पर धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचनाम मिलने पर कृषि विभाग उपसंचालक नीलम चौहान मौके पर पहुंची और यूरिया वितरण की व्यवस्थाओं में सुधार का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। किसानों ने कलेक्टर के नाम उप संचालक नीलम चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याएं रखीं। धरना यूरिया के नगद विक्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने एवं सोसाइटियों पर भी नकद खाद विक्रय की मांग को लेकर दिया गया था। किसानों का कहना था कि वर्तमान व्यवस्था के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में किसान एमपी एग्रो गोदाम पर धरने पर बैठ गए और करीब एक घंटे तक नारेबाजी की। मौके पर पहुंची कृषि विभाग की उप संचालक नीलम चौहान ने किसानों को आश्वस्त किया कि मंगलवार से तहसील कार्यालय से टोकन सिस्टम के माध्यम से यूरिया वितरण किया जाएगा तथा व्यवस्था को सुचारू बनाया जाएगा। यूरिया लेने के लिए किसान रात में कड़कड़ाती सर्दी में गोदामों के बाहर बिस्तर लगाकर सोने को मजबूर हो रहे है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसान पूरी रात लाइन में लगते हैं, फिर सुबह टोकन के लिए संघर्ष करते हैं।

## मप्र विधानसभा का विशेष सत्र कल

# कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक आज, रणनीति को मिलेगा अंतिम रूप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आज शाम 7:30 बजे भोपाल स्थित बी-12 (ए), 74 बंगला में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार करेंगे। इस बैठक में 17 दिसंबर को होने वाले विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की रणनीति और कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। जानकारी के लिए बतादें कि विशेष सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के विषय पर चर्चा प्रस्तावित है। विधायक दल की बैठक में प्रदेश की मौजूदा आर्थिक स्थिति, किसानों की समस्याएं, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, आदिवासी, दलित, पिछड़े और कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की नीतियों की समीक्षा करते हुए यह तय किया जाएगा कि विशेष सत्र में कांग्रेस किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।



### खोखले नारों से नहीं बनेगा आत्मनिर्भर प्रदेश : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश को वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोखले नारों के बजाय ठोस नीतियों और ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक दिवसीय विशेष सत्र केवल औपचारिकता न बने, बल्कि इसमें किसानों की आय, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

# अब टायर किलर से रुकेंगे संदिग्ध वाहन, प्रदेश में पहली बार होगा प्रयोग

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

यातायात पुलिस को चकमा देकर भागना अब वाहन चालकों के लिए आसान नहीं होगा। चौराहों पर जांच के दौरान भागने वाले वाहन चालकों के टायर किलर की मदद से टायर पंक्चर कर रोका जाएगा। टायर किलर उपकरण अमेरिका के बने हुए है। एक टायर किलर की कीमत 20 रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।

टायर किलर नुकीले स्पाइक्स से बनी लंबी पट्टी है, जो सड़क पर फैलाकर रख दी जाती है। जैसे ही संदिग्ध वाहन चालक इसके ऊपर से गुजरेगा, उसके टायर पंक्चर हो जाएगा। पिछले दिनों कमेटी से सहमति मिलने के बाद फिलहाल चार टायर किलर खरीदें है। 8 और आने बाकी हैं। एक टायर किलर की कीमत 20 रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। फिलहाल चार जोन में एक-एक टायर किलर वितरित किए जाएंगे।

### यातायात सिग्नल तोड़कर भागने वालों को रोकेंगे

पुलिसकर्मी जरूरत पड़ने पर टायर किलर फैला देंगे। ट्रैफिक पुलिस को इसके इस्तेमाल एवं बचाव का प्रशिक्षण भी दिया है। ताकि इस तरह की स्थिति से आसानी से निपटा जा सकें। यातायात सिग्नल तोड़कर तेज रफ्तार में भाग रहे वाहन चालकों को यातायात पुलिस मौके पर ही पकड़ लेगी। इसके इस्तेमाल के लिए सही जगह का चयन किया जाता है। ताकि आम वाहन चालकों को किसी तरह का खतरा पैदा न हो।

**मेट्रो एंकर**

## उद्योग-पर्यावरण क्षेत्र ने सराहा सरकार का काम

# दुनिया के नक्शे पर जगह बनाएगा महाकौशल

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद महाकौशल क्षेत्र में विकास कार्य, रोजगार सृजन तथा पर्यावरण महत्व के संबंध में हुए कार्यों पर औद्योगिक और पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े लोगों सहित बुद्धिजीवी वर्ग ने कार्य की सराहना की है। उनका कहना है कि दो वर्षों में कई विकास कार्य हुए हैं। अपार संभावना है कि महाकौशल क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थान मिल सकता है।

जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेम दुबे का कहना है कि प्रदेश सरकार के द्वारा औद्योगिक विकास के लिए जबलपुर में इंनवेस्टर समिट करवाया गया था। इसके अलावा प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात जबलपुर को मिली। नर्मदा घाट को अयोध्या जैसा विकसित किया जा रहा है, जो पर्यावरण की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। महाकौशल क्षेत्र में तीन टाइगर रिजर्व आते हैं। वन्य प्राणियों को देखने के लिए विदेश से सैलानी आते हैं। सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाये तो महाकौशल क्षेत्र विश्व मानचित्र में पर्यटन हक के रूप में उभर सकता है। इसके अलावा महाकौशल क्षेत्र में मटर का उत्पादन बहुत होता है और गुड़ भी बनता है। इसके अलावा वन संपदा भी बड़ी संख्या में उपलब्ध है। इस क्षेत्र में भी सरकार को कार्य करना चाहिए, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। व्यापार क्षेत्र से जुड़े राजीव बडेरिया का कहना है कि दो साल के कार्यकाल से स्पष्ट है कि विकास कार्यों के संबंध में प्रदेश सरकार की नीयत पूरी तरह साफ है। महाकौशल तथा बुंदेलखंड के विकास के लिए सरकार के कई सौगात दी है। भेड़ाघाट भी एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र है और उसका विकास और विकास के साथ प्रचार-प्रसार भी आवश्यक है, जिससे उसे उसका वास्तविक हक मिल सके। यातायात सुविधा से क्षेत्र का विकास होता है। सड़क के निर्माण पर प्रदेश सरकार विशेष ध्यान दे रही है। महाकौशल क्षेत्र को पर्यटन की आभार संभावना है।



### मध्य प्रदेश की गिनती देश के विकसित प्रदेशों

महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश के उद्योग के क्षेत्र जैसे कृषि, खनिज, वन उद्योग को परखा और उसके विकास के लिए योजना बनाकर उनका यथावत क्रियान्वयन किया गया। जिनके प्रयास से ही आज मध्य प्रदेश की गिनती देश के विकसित प्रदेशों में हो रही है।

# बीमार होती सभ्यता

भारत आज अंतरिक्ष, डिजिटल तकनीक और आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों की बात करता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि हमारी सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर फैली गंदगी हमारी सामाजिक चेतना की पोल खोल देती है। पान-मसाला, गुटखा और खैनी चबाकर खुले में थूकना एक ऐसी आदत बन चुकी है, जिसे लोग न अपराध मानते हैं और न ही शर्म का विषय। यह केवल दीवारों और सड़कों को बदरंग करने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारी सामूहिक सोच और नागरिक जिम्मेदारी के पतन का संकेत है। सार्वजनिक स्थानों पर थूकना सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। टीबी जैसी गंभीर बीमारी का प्रसार आज भी लाखों परिवारों को प्रभावित कर रहा है और इसके फैलने के कारणों में खुले में थूकना एक बड़ा कारक है। करोड़ों लोग रोजाना इसका उपयोग करते हैं और अनजाने में संक्रमण को दूसरों तक पहुंचा देते हैं। इसका दुष्परिणाम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज, अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य तंत्र-तीनों पर पड़ता है। इस सामाजिक बुराई का आर्थिक पक्ष भी उतना ही गंभीर है। तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के इलाज में अरबों रुपये खर्च होते हैं। अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है, कार्यक्षमता घटती है और सार्वजनिक सफाई पर होने वाला व्यय लगातार बढ़ता जाता है। यानी एक गलत आदत की कीमत पूरा समाज चुकाता है। सवाल यह है कि क्या हम इसे केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला मानकर आंखें मूंदे रहेंगे? कानून तो हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर नहीं दिखता। तंबाकू नियंत्रण कानून और नगर निकायों के जुमार्ने तब तक बेअसर हैं, जब तक प्रशासन उन्हें लागू करने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाता। जुर्माने से पहले और उसके साथ व्यापक जन-जागरूकता अभियान जरूरी हैं। लोगों को यह समझाना होगा कि थूकना केवल गंदगी नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। समाधान दंड और सुविधा-दोनों के संतुलन में है। साफ सार्वजनिक शौचालय, निर्धारित थूकदान, कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के साथ-साथ तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श और सहायता उपलब्ध करानी होगी। स्कूलों, दफ्तरों और मीडिया को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनना पड़ेगा। यह मुद्दा स्वच्छता से आगे बढ़कर सामाजिक सभ्यता का है। अगर हम सचमुच एक जागरूक और जिम्मेदार समाज बनना चाहते हैं, तो खुले में थूकने की आदत को सामाजिक अपराध की तरह देखना होगा। स्वच्छ सड़कें, सुरक्षित पार्क और सम्मानजनक सार्वजनिक स्थान केवल सरकार नहीं बना सकती-इसके लिए नागरिकों की सोच बदलना अनिवार्य है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व : दूरगामी परिणाम वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया अध्याय



ललित गर्ग
स्तंभकार

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।



नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

विजय दिवस पर विशेष

# भारत के शौर्य की अमर कहानी, प्राणों की आहुति देने वालों को नमन का दिन



दिलीप कुमार पाठक
पत्रकार

विजय दिवस भारत में हर साल 16 दिसंबर को मनाया जाता है। 3 दिसंबर, 1971 को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की शुरुआत हुई, जो 13 दिनों तक चला और 16 दिसंबर को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल ए.ए. खान नियाज़ी ने 93,000 सैनिकों के साथ भारतीय सेना और बांग्लादेश के मुक्ति बहानी के सामने आत्मसमर्पण किया। भारतीय सेना की इसी कामयाबी को प्रतिवर्ष विजय दिवास के रूप में मनाया था। हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस या विक्टरी डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्र के उन सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। जिन्होंने इस युद्ध में अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। एक तथ्य यह भी है कि इस दिन बांग्लादेश का जन्म हुआ था, इसलिए, बांग्लादेश हर साल 16 दिसंबर को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है। सन 1971 से पहले, बांग्लादेश पाकिस्तान का एक हिस्सा था, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था।



तब पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को पाकिस्तानी सेना मारपीट, शोषण करती है , औरतों के साथ बलात्कार करती और वहां के लोगों की निर्मम हत्या करती थी, भारत ने पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना के द्वारा लोगों के उत्पीड़न का विरोध किया और पूर्वी पाकिस्तान के लोगों का समर्थन किया। उस समय पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी जनरल अयूब खान के खिलाफ भारी असंतोष था। 3 दिसंबर को पाकिस्तान ने 11 भारतीय हवाई क्षेत्रों पर हमला कर दिया था। जिसके जवाब में भारत ने भी मुहतोड ज़वाब दिया। भारत सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध का आदेश दे दिया। पाकिस्तान के साथ इस युद्ध में भारत के 1400 से अधिक सैनिक शहीद हो गए। इस युद्ध को भारतीय सैनिकों ने पूरी बहादुरी के साथ लड़ा,इस युद्ध में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ। जिसके बाद यह युद्ध सिर्फ मात्र 13 दिनों में ही समाप्त हो गया था। अप्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ दोनों महाशक्तियां शामिल हुई थीं। ये सब देखते हुए 14 दिसंबर को भारतीय सेना ने ढाका में पाकिस्तान के गवर्नर के घर पर हमला किया। उस समय पाकिस्तान के सभी बड़े अधिकारी मीटिंग करने के लिए इकट्ठा हुए थे। इस हमले से पकिस्तान हिल गया और जनरल नियाजी ने युद्ध विराम का प्रस्ताव भेज दिया। परिणामस्वरूप 16 दिसंबर, 1971 को दोपहर के तकरीबन 2:30 बजे सरेंडर की प्रक्रिया शुरू हुई और उस समय लगभग 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया था। इस प्रकार 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश का एक नए राष्ट्र के रूप में जन्म हुआ और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान से आजाद हो गया।

ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9,851 घायल हुए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए इस युद्ध ने एक नए मुल्क बांग्लादेश को जन्म दिया था और पाकिस्तान के इतिहास में करारी हार के तौर पर 16 दिसंबर का दिन दर्ज हो गया। यूं तो यह जंग पाकिस्तान के पश्चिम और पूर्वी हिस्से के बीच चल रही थी, लेकिन पाक की ओर से इस दौरान भारत पर भी हवाई हमले किए गए। इसके जवाब में 3 दिसंबर, 1971 से भारत भी इस युद्ध में कूदा और पश्चिम से लेकर पूर्व तक में पाक सेना पर जोरदार हमला बोला। तीनों सेनाएं इस युद्ध में सक्रिय हुई और अंत में 16 दिसंबर, 1971 को 93 हजार पाक सैनिकों के सरेंडर के साथ जंग को जीता। यही नहीं, पड़ोस में एक नए मुल्क बांग्लादेश का भी उदय हुआ। इस युद्ध की शुरुआत से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्र के नाम संदेश जारी किया था। आधी रात को देश के नाम संबोधन करते हुए इंदिरा गांधी ने कहा-मैं आप सभी से ऐसे वक्त में बात कर रही हूं, अभी कुछ घंटों पहले ही 5:30 बजे शाम को पाकिस्तान ने अचानक हमारे एयरफील्ड्स पर हमले किए हैं। उनकी थल सेना सुलेमानखी, खेमकरण, पुंछ और अन्य सेक्टर्स में गोलीबारी कर रही है, हम पूरी दुनिया से इस मसले के शांतिपूर्ण समाधान की अपील कर रहे हैं। हमारी यही मांग है कि उन लोगों के अधिकार दिए जाएं, जो सिर्फ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी चाहते हैं। आज बांग्लादेश में चल रहा युद्ध भारत का युद्ध बन गया है। यह युद्ध मुझ पर और देश के लोगों पर थोपा गया है। हमारे पास देश को युद्ध में ले जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। हमारे बहादुर अफसर और सैनिक चौकियों पर हैं और देश की रक्षा को आगे बढ़ रहे हैं। पूरे देश में आपातकाल घोषित किया जाता है। हम किसी भी चीज के लिए तैयार हैं। हमें लंबे समय तक संघर्ष और त्याग के लिए तैयार रहना होगा। हम शांति पसंद लोग हैं, लेकिन हम जानते हैं कि जब तक आप अपनी स्वतंत्रता, लोकतंत्र और जिंदगी की सुरक्षा नहीं कर पाते, तब तक शांति नहीं रह सकती। इसलिए आज हमें न सिर्फ अपनी अखंडता के लिए लड़ना है बल्कि अपने देश के मूलभूत आदर्शों को मजबूती देने के लिए लड़ना है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## सुविचार

*जिसने संघर्ष को अपना साथी बना लिया,*
*उसने ही इस दुनिया में खुद को काबिल बना लिया ।*
*-अज्ञात*

## निशाना

### सत्ता की सब बुराइयां..!




दिनेश मालवीय 'अश्क '

अहबाब हमसे कुछ बहुत रस्मन अलग रहे
हम भी ज़रा सा उनसे मिज़ाजन अलग रहे।
अपने शहर में ही कभी ऐसे भी लोग थे
दिल एक थे जिनके भले आंगन अलग रहे।
लिपटे रहे भुजंग कई रात-दिन मगर
उनके असर से पेड़ चंदन के अलग रहे।
बरसे जो बादल झूम के सब नाचने लगे
लेकिन विरह की पीर के सावन अलग रहे।
सत्ता की सब बुराइयां युग-युग वही रहीं
राजा अलग रहे व सिंहासन अलग रहे।

हेल्थ अपडेट

# बॉडी में फैटी लिवर के संकेत... लाइफ स्टाइल में बदलाव से होगा सुधार

**लिवर** से जुड़ी सबसे आम समस्याओं में फैटी लिवर है। भारत समेत दुनिया भर में फैटी लिवर के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और अगर समय पर इसका इलाज न कराया जाए तो फिर अन्य तरह की जटिलताओं के विकसित होने का खतरा पैदा हो जाता है, जिसमें डायबिटीज, हाइपरटेंशन, हाई कोलेस्ट्रॉल शामिल हैं।फटी लिवर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लिवर में सामान्य से अधिक फैट जमा हो जाता है। अत्यधिक शराब का सेवन, मोटापा, खराब डाइट, कम शारीरिक गतिविधि, डायबिटीज, हाई ट्राइग्लिसराइड्स लेवल फैटी लिवर के जोखिम को बढ़ाने का काम करते हैं।



फैटी लिवर की समस्या कॉमन होने के बाद भी लोग अपने अंदर की इस स्थिति का जल्द पता नहीं लगा पाते हैं। इसकी वजह ये है कि अक्सर चुपचाप विकसित होता है और कोई खास लक्षण पैदा नहीं करता है। लेकिन शरीर शुरुआती संकेत दे देता है। जिन पर ध्यान देकर फैटी लिवर का पता लगाया जा सकता है। न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह पांचाल ने अपने एक वीडियो में ऐसे 5 संकेतों की बात की है, जो फैटी लिवर की ओर इशारा करते हैं। अगर आपको इन 5 में से 4 लक्षण अपने अंदर दिखाई देते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मोटापा और अपचः** अत्यधिक चर्बी हमेशा आपके लिवर के आसपास जमा होती है। अगर आपका फैट एबडोमिनल एरिया पर अधिक है तो आपको सतर्क होने की जरूरत है, क्योंकि यह संकेत हो सकता है कि आपको फैटी लिवर की समस्या है और यह आमतौर पर पहले संकेतों में से एक है। अगर अक्सर अपच और ब्लोटिंग की समस्या रहती है तो यह भी फैटी लिवर के संकेतों में से एक हो सकता है। दरअसल, जब लिवर फैट से ओवरलोड हो जाता है तो आपका डाइजेशन बहुत सुस्त हो जाता है। जिसका मतलब है कि आपको लगातार एसिडिटी, रेगुर्गिटेशन, रिफ्लक्स जैसी समस्याएं बनी रह सकती हैं।

**डार्क अंडरआर्म्स और थकानः** फैटी लिवर डिजीज का संकेत स्किन पर भी देखने को मिलता है। इसमें आपका बगल और नेकलाइन डार्क हो जाता है, ये आमतौर पर इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत होता है, जो फैटी लिवर की समस्या में भी दिखता ही है।

गैजेट अपडेट

# दमदार परफॉर्मेंस वाले iPhone 17 के आज से बढ़े दाम, 7 हज़ार रु. तक ज्यादा देने होंगे

**एपल** इंडिया की तरफ से टेक मार्केट में एक सबसे बड़ी अपडेट सामने आई है, जहां कंपनी ने अपने आईफोन 17 मॉडल की MOP ( मार्केट ऑपरेटिंग प्राइस ) में बदलाव किए हैं। कंपनी की तरफ से एक ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है की नई कीमतें आज यानी 16 दिसंबर से लागू हो गई हैं । इस अनाउंसमेंट के बाद iPhone 17 की कीमत रु. 82,900 से बढ़कर रु.89,900 हो जाएगी। यह बदलाव कस्टमर की खरीदारी के फैसले पर भी असर डाल सकती है। Apple ने अपने सभी पार्टनर्स और टीम मेंबर्स से कहा है कि वह इस अपडेट के बारे में जल्द से जल्द जानकारी फैलाएं। यह प्राइस रिवीजन मार्केट की डायनामिक को देखते हुए एक जरूरी कदम माना जा रहा है।



इस प्राइस चेंज के बाद iPhone 17 लेने वाले कस्टमर को रु. 7000 ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे। हालांकि Apple प्रोडक्ट्स को उनके प्रीमियम फीचर्स बेहतर इकोसिस्टम और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। यह डिवाइस अभी भी अपने सेगमेंट में एक पावरफुल ऑप्शन बना हुआ है। यह अपडेट कस्टमर और डीलर्स दोनों के लिए समझना बहुत जरूरी है, जिसके लिए आप नीचे दी जा रही जानकारी को पढ़ सकते हैं।

iPhone 17 अपने कैमरा और प्रोसेसर की वजह से काफी अच्छा माना गया है। इसमें 19 चिपसेट भी दिया गया है, जो परफॉर्मेंस को बेहतर बनाता है। यह हाई रिजॉल्यूशन वाली स्क्रीन के साथ आता है। मल्टीटास्किंग से लेकर गेमिंग के लिए भी इस फोन को खूब पसंद किया जाता है। ये फोन प्रीमियम रेंज में बहुत ही अच्छे हैं।


पुरानी और नई कीमतों में क्या है अंतरः iPhone 17 की कीमत के बदलाव को समझना कस्टमर के लिए बहुत जरूरी है। इस मॉडल की पुरानी एमएसपी रु. 82,900 थी। लेटेस्ट रिवीजन के बाद नई एमएसपी अब रु. 89,900 कर दी गई है। यह साफ दिखता है कि कीमत में रु. 7000 की सीधी बढ़ोतरी हुई है। यह बदलाव आज से लागू किया जाएगा। इस चेंज से खरीददारों को अपनी शॉपिंग को रिप्लान भी करनी पड़ सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि आईफोन के इस अपडेट से मार्केट पर भी काफी असर पड़ सकता है।

**कंपनी का पार्टनर्स को खास निर्देशः** प्राइस की बढ़ोतरी को लेकर Amazon India ने अपने सभी पार्टनर्स और टीम मेंबर्स को तुरंत एक्शन लेने को कहा है। कंपनी चाहती है कि यह बढ़ी हुई कीमत बाजार में आसानी से लागू हो। नोटिफिकेशन में साफ कहा गया है कि पार्टनर्स को समय पर ताल-मेल बनाए रखना चाहिए, जिससे कीमत अपडेट को बिना किसी समस्या के पूरा किया जा सके। कंपनी के हिसाब से यह इंस्ट्रक्शन पूरे मार्केट में एक समान कीमत को बनाए रखने के लिए जरूरी है।

अजब - गजब

# थाईलैंड में किराए पर पत्नी का चलन, उम्र और खूबसूरती पर तय होता है सौदा

**भारत** जैसे संस्कृति और संस्कारों से भरे देश में पत्नी किराए पर लेने जैसा चलन सुनकर अजीब लगता है, लेकिन थाईलैंड में यह लंबे समय से होता आ रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया का यह खूबसूरत द्वीप देश अपने समुद्र तटों और पर्यटन के लिए दुनिया में मशहूर है। साल भर पर्यटकों की भीड़ रहती है, इसलिए पर्यटन यहां की आय और आजीविका का बड़ा आधार है। इसी के चलते थाईलैंड के पटाया शहर में रेंटल वाइफ की परंपरा विकसित हुई।



यहां पुरुष अस्थायी साथी के रूप में किसी महिला को किराये पर रख सकते हैं, जिसे वाइफ ऑन हायर या ब्लैक पर्ल कहा जाता है। यह सुविधा खास तौर पर उन पर्यटकों के लिए होती है जो अकेले यात्रा करते हैं और अपने प्रवास के दौरान साथी चाहते हैं। थाईलैंड में यह एक तरह का अस्थायी विवाह माना जाता है, जिसमें किसी युवती को पैसे देकर कुछ समय के लिए पत्नी के रूप में रखा जाता है। तय अवधि तक वह साथी की तरह सभी जिम्मेदारियां निभाती है। धीरे-धीरे यह परंपरा एक संगठित व्यवसाय का रूप ले चुकी है। इसे रेंटल वाइफ कहा जाता है, जहां महिलाएं पर्यटकों के साथ कुछ घंटों से लेकर कई दिनों तक के लिए अनुबंध पर रहती हैं।

**किताब से हुआ खुलासाः** हाल ही में लावर्टे ए इमैनुएल की किताब 'थाई टैबूः द राइज ऑफ वाइफ रेंटल इन मॉडर्न सोसाइटी' ने इस विवादास्पद चलन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया है। लेखक ने अपनी पुस्तक में बताया है कि थाईलैंड में पत्नी किराए पर रखने की यह प्रथा कैसे तेजी से बढ़ रही है और धीरे-धीरे एक सामाजिक ट्रेंड के साथ-साथ आय का बड़ा जरिया बनती जा रही है। किताब में यह भी बताया गया है कि किस तरह यह व्यवस्था प्रेम, व्यवसाय और विवाद, तीनों का मिश्रण है, जिसने थाई समाज और पर्यटन संस्कृति पर गहरा प्रभाव छोड़ा है।

किराये की राशि महिला की उम्र, खूबसूरती, शिक्षा और अवधि के आधार पर तय होती है। किताब में बताया गया है कि यह रकम 1,600 डॉलर से लेकर 1,16,000 डॉलर तक हो सकती है। हैरानी की बात है कि इस पूरी व्यवस्था को लेकर थाईलैंड में कोई स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है।

इसके अलावा, थाईलैंड में रिश्तों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर लचीला नजरिया होने की वजह से यह प्रथा आसानी से फैली है। सरकार भी मानती है कि यह व्यवस्था देश में मौजूद है और पर्यटकों की वजह से यह अब व्यवसाय का रूप ले चुकी है। सरकार का कहना है कि इसे नियंत्रित करने के लिए कानून बनाने की जरूरत है।

## न्यूज विंडो

### अर्पित बने व्यापार महासंघ के अध्यक्ष, ओमप्रकाश महामंत्री



**सिरोंज।** व्यापार महासंघ के चुनाव में कपड़ा व्यापार अर्पित मित्तल को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया हैं। निर्वतमान अध्यक्ष पद्म ताम्रकार की मौजूदगी में महासंघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही व्यापार संघों के सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मती से अर्पित मित्तल को महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह जितेन्द्र जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरूण लखपति को कनिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मेडीकल संचालक ओमप्रकाश बलेजा को महामंत्री चुना गया। इसी तरह राहुल जैन को कोषाध्यक्ष, अनिल मंगल को प्रवक्ता तथा आलोक जैन को महासंघ का मंत्री चुना गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में राजेन्द्र मंगल, विकास गर्ग, नितिन सोनी तथा रिषी नेमा को चुना गया है। महासंघ का संरक्षक पद्म ताम्रकार, कैलाश सोनी, समीर भार्गव तथा सुनील जैन को बनाया गया है।

### मंडला में बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकराई, युवक की मौके पर ही मौत



**मंडला।** जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। दोनों युवक नारायणगंज से अपने गांव सिंगनपुरी चौकी लौट रहे थे।सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लखन को तत्काल नारायणगंज अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह दुर्घटना सोमवार शाम पुराने पेट्रोल पंप और टॉवर के पास हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक अचानक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई थी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे में 24 वर्षीय मोनू नेटी की मौत हो गई। वहीं, 32 वर्षीय लखन पिता मंगल आर्मो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों युवक चौकी सिंगनपुरी क्षेत्र के निवासी थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर किया इलाज



**इटारसी।** समाजसेवी स्वर्गीय रमेश सोनकर की पत्नी स्वर्गीय श्रीमती लक्ष्मी बाई सोनकर की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र राम शंकर सोनकर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वृद्धा आश्रम में किया गया। जिसमें डॉक्टर सुनील देवानी द्वारा,वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । जिसमें,14 वृद्धजनों का बीपी, शुगर, रक्त, खांसी, बुखार, दर्द एवं एच बी ए 1सी, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, यूरिक एसिड, की निशुल्क जांच की गई। सोनकर परिवार के सदस्यों के द्वारा निशुल्क दवाइयों वितरण किया गया। इस अवसर पर विशाल सोनकर, मोंटी सोनकर, पूनम सोनकर,कान्हा सोनी, भूरा सोनी, विजय राजपूत, स्टाफ आदि मौजूद रहा।

### शिविर में 212 मरीजों की आंखों की जांच, 77 ऑपरेशन के लिए चयनित



**गंजबासौदा।** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय शिवलाल माहेश्वरी, स्वर्गीय निर्मला देवी माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र प्रमोद माहेश्वरी, प्रकाश माहेश्वरी के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। जिसमें शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए डॉक्टर नीरज द्विवेदी, हितेश मिचलानी ने 212 मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 77 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया। वहीं 105 नेत्र रोगियों की जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 30 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इसमे सिनर्जी संस्थान के डाक्टर सचिन अग्रवाल, बुलबुल मोर्या , प्रिया वंशकार , संजू दांगी, रोहित विश्वकर्मा, राहुल नामदेव का सहयोग रहा। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, राजकुमार मलकानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

#### हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए तीन मुकाबले

## रोमांच, आक्रमकता और गोल की बौछार, इंदौर, सिवनी व इटारसी जीते

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। इन मैचों में दर्शकों को दमदार आक्रामकता और एकतरफा जीत दोनों का मिश्रण देखने को मिला। सभी मैचों का संचालन अनुभवी निर्णायकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

डीएचए इंदौर ने बैतूल को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया। दिन का पहला मुकाबला इंदौर और बैतूल के बीच खेला। मैच की शुरुआत में ही बैतूल के खिलाड़ी अभय ने शानदार फील्ड गोल करके अपनी टीम को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद इंदौर की टीम दबाव में आ गई और उसने लगातार शॉर्ट कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन गोल में तब्दील करने में सफलता नहीं मिली। तीसरे क्वार्टर में इंदौर के उमर ने गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर किया। अंतत~इंदौर के औरंगजेब ने किया। निर्णायक गोल मैच का पासा पलट गया, जिसकी बदौलत डीएचए इंदौर ने यह कांटे का मुकाबला 2-1 से अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच सिवनी और दमोह के मध्य खेला गया, जो पूरी तरह से एकतरफा रहा। हालांकि, पहले क्वार्टर में दमोह की टीम ने गोल करके बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद सिवनी की टीम ने अपनी आक्रामकता का गियर बदला। सिवनी ने विरोधी टीम पर लगातार गोल दागते हुए बड़ा दबाव बनाया और दमोह को 8-1 के विशाल अंतर से पराजित कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला स्थानीय टीम अमर ज्योति क्लब इटारसी और जबलपुर के बीच खेला गया।



#### इटारसी ने किया अगले दौर में प्रवेश

दूसरे हाफ में मयंक जेम्स और अन्य खिलाड़ियों के शानदार तालमेल और प्रदर्शन की बदौलत इटारसी ने तीन और गोल दागे। शानदार टीम वर्क के दम पर अमर ज्योति क्लब इटारसी ने यह मुकाबला 5-0 के बड़े अंतर से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इन रोमांचक मुकाबलों में संजय गुप्ता, फैजान, पवन कुमार एवं ब्रजेश यादव ने निर्णायक की भूमिका बखूबी निभाई। प्रथम मैच में मुख्य अतिथि के रूप में नगर मंडल भाजपा इटारसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि दूसरे मैच में भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, डॉ. संजय गुप्ता, भरत वर्मा, पंडित अनिल मिश्रा और मन्नी छाबड़ा मौजूद रहे।

इटारसी की टीम ने शुरुआत से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ तक इटारसी ने 2-0 की अच्छी बढ़त बना ली थी, जिसमें पहला गोल गोलू भाटिया ने किया।

### सिक्योरिटी चेक कर सतर्कता के दिए निर्देश



**मंडीदीप।** मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने आधा दर्जन से अधिक बैंकों का निरीक्षण किया। प्रबंधकों से थाना प्रभारी ने कहा कि बैंक के आसपास किसी भी प्रकार के आपराधिक किस्म के व्यक्ति यदि नजर आए तो शीघ्र ही पुलिस को अवगत कराएं। इससे लूटपाट, चोरी जैसे अपराधों पर शिकंजा कसा जा सकेगा और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सराठे ने बैंकों के एटीएम पर सुरक्षा कर्मी लगाने की बात कही। इससे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

### दमोह में किशोर बेखौफ, तेज रफ्तार से चला रहे बाइक

**दमोह।** डीजल, पेट्रोल या बैटरी से चलने वाले प्रत्येक वाहन के चालक के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना अनिवार्य किया है। इसके अभाव में जुर्माने का प्रावधान है। पुलिस और परिवहन विभाग को बगैर लाइसेंस गाड़ी चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई का अधिकार प्राप्त है। लेकिन जिले में हर तीसरा चालक बगैर लाइसेंस के वाहन चला रहा है। 12 लाख की आबादी वाले जिले में 2.25 लाख करीब वाहन रजिस्टर्ड है। इनके उलट ड्राइविंग लाइसेंस करीब 75 हजार लोगों के पास ही है। यानी 1.50 लाख चालक जिले की सड़कों पर बगैर लाइसेंस के वाहन दौड़ा रहे हैं। इनमें कई किशोर भी शामिल है। बिना लाइसेंस के वाहन ड्राइव करने वाले अपनी जान तो जोखिम में डाल ही रहे हैं, बल्कि दूसरों की जान भी ले रहे हैं। शहर में कुछ हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चे फर्राटा मारते हुए गाडियां दौड़ा रहे हैं।

### बेतवा में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पड़ताल में जुटी पुलिस



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

देहात थाना अंतर्गत बर्री घाट बेतवा नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ लोगों को दिखाई दिया। जिसकी सूचना देहात थाने में दी गई। सूचना पर देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को गोताखोरों की मदद से नदी से निकलवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नदी में मिले अज्ञात मृतक की उम्र लगभग 40-45 वर्ष बताई जा रही है। उसके गले में लाल रंग का धागा तथा बाएं हाथ में पीले-लाल रंग का धागा बंधा हुआ था। मृतक सफेद-गुलाबी चैक दार शर्ट पहने हुए था। देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि शव की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है। आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

#### राज्यसभा और लोकसभा सांसद ने रेलमंत्री से की मुलाकात

## गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य से रेल मंत्री को कराया अवगत, ट्रेन स्टापेज और ब्रिज निर्माण की मांग की

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**





जिले के राज्यसभा और लोकसभा के दोनों जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री से सीधे मुलाकात कर रेलवे की लचर व्यवस्था से रेलमंत्री को अवगत कराया है। यात्रियों को हो रही असुविधाओं, ट्रेन के स्टापेज, ट्रेन का नाम जैन मुनि संत के नाम पर रखने और हाल ही में हुए घटिया निर्माण कार्यों को लेकर उन्होंने ठोस कदम उठाने की मांग की है।

इटारसी में द पार्क होटल के सामने रेलवे ओवरब्रिज के घटिया निर्माण पर सांसद माया नारोलिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई, उच्चस्तरीय जांच और पुनर्निर्माण की मांग की।रेल मंत्री ने जांच का आश्वासन दिया। नारोलिया ने बताया कि पुल पर दरारें, गड्ढे और दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। 25 अक्टूबर 2024 से कई बैठकों में मरम्मत का वादा किया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं। 7 नवंबर 2025 को निरीक्षण में इंजीनियर जानकारी नहीं दे सके। उन्होंने पूर्ण भुगतान पर सवाल उठाया।इसके अलावा नर्मदापुरम में अमृत भारत स्टेशन के घटिया कार्य की शिकायत की। साथ ही जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन का नाम आचार्य विद्यासागर इंटरसिटी या मुकमाटी इंटरसिटी रखने का प्रस्ताव दिया।

लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भी रेल मंत्री से भेंट कर क्षेत्र में रेलवे विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने विभिन्न मांगें रखीं, जिन पर रेल मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।श्री चौधरी ने विशेष रूप से नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को पुनः प्रारंभ करने का आग्रह किया। इसके अलावा, सहेली-ताकू रेलवे गेट पर ओवरब्रिज, धर्मकुंडी रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवरब्रिज, बनखेड़ी में रेलवे क्रॉसिंग, विंध्याचल ट्रेन की समयसूची में बदलाव तथा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव जैसे विषयों पर सुझाव दिए।सांसद ने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों के सर्वांगीण विकास पर भी जोर दिया।

## गौड़ सभ्यता के महानायकों पर जननायक में होंगी नाट्य प्रस्तुतियां

#### संस्कृति विभाग के तत्वाधान में निजी कॉलेज में तीन दिन तक होंगे सांस्कृतिक आयोजन

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा सिरोंज में गौड़ सभ्यता कै महानायकों पर आधारित तीन दिवसीय नाट्य मंचन का संस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। विधायक उमाकांत शर्मा के विशेष प्रयासों से कष्टम स्थित निजी कॉलेज में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में संस्कृति विभाग के कलाकार गोंड राजाओं की प्रस्तुति देंगे।

संस्कृति विभाग द्वारा होने वाले इस आयोजन की तैयारियों को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने सभी शासकीय एवं प्रायवेट शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं आयोजन की व्यवस्थाओं की



तैयारियों में लगे भाजपा नेताओं पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रथम चरण में गोंड सभ्यता के 52 गणों में से 30 गणों की शौर्यता पर आधारित जननायक समारोह का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 18 दिसंबर तक प्रतिदिन सायं साढ़े छह बजे से प्रारंभ होकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिदिन रंगारंग प्रस्तुति होगी। महत्वपूर्व सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता करने तथा भव्यता के साथ जननायक नाट्य कार्यक्रम को परिवार सहित देखने आने का निमंत्रण दिया। इसके अलावा बैठक में उन्होंने आयोजन के संबंध में व्यवस्था संबधी जिम्मेदारियों का भी वितरण किया।

बैठक को एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य लालचंद राजपूत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,पूर्व नपाध्यक्ष संतोष चौरे,जिला सहकार समिति के सदस्य पारस तारण पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा,बलजीत यादव,हरिचरण अहिरवार एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,एसडीओपी सोनू डावर सीएमओ रामप्रकाश साहू, बीईओ उमेश सोनी सहित प्रमुख अधिकारी, शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### तीन सौ मरीजों ने कराई जांच



**मंडीदीप।** वार्ड 5 में पहली बार अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 300 लोगों ने जांच कराई। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सलमान अली ने बताया कि शिविर में 30 अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने त्वचा रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, कान रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। एस दौरान एमएस ग्रुप परिवार, पूर्व पार्षद अख्तर अली, इकबाल अली, मंडल अध्यक्ष नफीस अली, जिला हॉकी संघ उपाध्यक्ष रिजवान अली, ओमप्रकाश चौकसे, राजेश मालवीय और प्रमोद लोधी आदि का सहयोग रहा।

**मेट्रो एंकर**

#### निर्माण एजेंसी और नगरपालिका के इंजीनियर्स ने मिलकर डाला लेआउट

## अब नए लुक में दिखेगा राजघाट, सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार शुरु

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका परिषद द्वारा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर के महत्वाकांक्षी विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। मीनाक्षी चौक, एनएमवी कालेज तिराहा, भोपाल चौराहे के बाद अब राजघाट का जीर्णोद्वार प्रारंभ हो चुका है। सोमवार को राजघाट का निर्माण एजेंसी और नपा के इंजीनियर्स ने मिलकर लेआउट डाला। लेआउट डालते समय विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, वार्ड 27 की पार्षद बिंदिया मांझी, वार्ड 26 के पार्षद राहुल गौर और निर्माण एजेंसी का स्टाफ उपस्थित रहा।



उपयंत्री आयुष रिछारिया ने बताया कि करीब तीन करोड़ की लागत से राजघाट का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। प्रथम चरण में ले आउट डालकर रिटर्न विंग वाल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इसके साथ ही अगले चरण में शेडों निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

उपयंत्री रिछारिया ने बताया कि करीब तीन करोड़ की लागत से राजघाट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें शेडों के साथ ही स्वागत द्वार भी बनेगा। आधुनिक तरीके से बनाए जा रहे राजघाट पर पार्किंग व्यवस्था, पेयजल और छांव के लिए टीन शेड भी बनाए जाएंगे। साथ ही निर्माण एजेंसी को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। मीनाक्षी चौक, भोपाल तिराहा, एनएमवी कालेज के बाद अब राजघाट का जीर्णोद्वार और सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। राजघाट पर सोमवार को ले आउट डालकर कार्य प्रारंभ हो चुका है। जल्द राजघाट एक नए लुक में दिखेगा।

## न्यूज विंडो

### जंगल से नक्सलियों के डंप से हथियार और नकदी किए बरामद



**बालाघाट।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सरेंडर नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जंगल में छिपाए गए नक्सली डंप से 11 लाख रुपए से अधिक की नकदी और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए हैं। जिले में यह पहला मौका है जब किसी नक्सली डंप से इतनी बड़ी रकम मिली है। सोमवार को पुलिस ने प्रेस को इस कार्रवाई की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, नवंबर से दिसंबर के बीच कुल 13 नक्सलियों ने अलग-अलग समय पर आत्मसमर्पण किया था। इनमें एक, 10 और दो नक्सलियों के समूह शामिल थे। आत्मसमर्पण के बाद पूछताछ के दौरान इन नक्सलियों ने जिले के अलग-अलग जंगली इलाकों में छिपाए गए नक्सली डंप की जानकारी दी।

### सतलापुर पुलिस ने शहर में हत्या के आरोपियों का निकाला जुलूस



**सतलापुर।** पुलिस ने संजय तोमर उर्फ टिल्लू की ऑनर किलिंग के आरोपियों का जुलूस निकाला। पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे में हत्या के आरोपी रामेश्वर लोधी पिता बलवंत लोधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी सतलापुर, हाल जाटखेड़ी भोपाल, जय उर्फ मयूर श्रीवास्तव पिता गुड्डु श्रीवास्तव, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड 53, जाटखेड़ी थाना मिसरोद, सुनील ठाकुर उर्फ कल्लू पिता भगवान सिंह ठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी दुर्गा मंदिर के पास, मंडीदीप को गिरफ्तार करने के बाद जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। इस बारे में एसडीओपी शीला सुराणा और थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि मृतक संजय तोमर का प्रेम मुख्य आरोपी रामेश्वर लोधी की बहन के साथ होने से दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की थी। तब पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### डीपी पाल बने अध्यक्ष, लियाफी शाखा कोतमा की नई कार्यकारिणी का गठन



**कोतमा।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (लियाफी) कोतमा शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। यह गठन कार्यक्रम मध्य जोन के उपाध्यक्ष सुनील निगम, मंडल काउंसिल के अध्यक्ष अरुण जैन, सचिव डी.पी. राय एवं निवर्तमान अध्यक्ष रवि भान सिंह बघेल एवं कोषाध्यक्ष सुमेर चंद्र जैन के मार्गदर्शन व दिशा-निर्देश में आयोजित किया गया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और अभिकर्ताओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए नई टीम की घोषणा की गई। इसमें डी.पी. पाल को अध्यक्ष, भगवान दास मिश्रा को दुबारा सचिव तथा ओमकार सोनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बताया गया कि शीघ्र ही शाखा स्तर पर पूरी नई कार्यकारिणी का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील निगम ने अभिकर्ताओं से संगठनात्मक एकता बनाए रखने, प्रशिक्षण व ग्राहक सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। अरुण जैन ने कहा कि मजबूत संगठन ही अभिकर्ताओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा कर सकता है। वहीं डी.पी. पाल और आर.बी.एस. बघेल ने अपने विचार रखते हुए शाखा को सक्रिय, अनुशासित और परिणामोन्मुख बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

### कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ, छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



**तेंदूखेड़ा।** अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेन्दूखेड़ा के प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलों अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्चतर मध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यामिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा जिला-दमोह में उपस्थित होकर 12 कक्षा के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बी.ए./बी.कॉम बी.एस.सी. संचालित पाठ्यक्रमों, विज्ञान प्रयोगशालाओं, ई-लायब्रेरी, खेल-कूद एवं शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम कॉलेज चलो अभियान को संम्पादित करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में डॉ.एन.के. निकोसे एवं डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा की महत्पूर्ण भूमिका रही।

### दिनदहाड़े 'मिर्ची गैंग' का कहर... एक आरोपी गिरफ्तार, लोगों में आक्रोश

# मुनीम की आखों में मिर्ची झौंककर लाठी से किया हमला, लूट ले गए 14 लाख रुपए

**सागर। दोपहर मेट्रो**

शहर में एक बार फिर अपराधियों के हौसले खुलेआम नजर आए हैं। थाना मोतीनगर क्षेत्र में स्थित कृषि उपज मंडी के पास हुई लूट की एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। बदमाशों ने गल्ला व्यापारी के मुनीम से करीब 14 लाख रुपये की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने का तरीका इतना अचानक और खतरनाक था कि कुछ पल के लिए लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है।

जानकारी के अनुसार सागर की कृषि उपज मंडी में पंकज ट्रेडर्स नाम से गल्ला दुकान संचालित करने वाले व्यापारी पंकज केशरवानी के मुनीम सुधीर दीक्षित सोमवार को बैंक से नकदी निकालकर मंडी की ओर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बैंक से निकाले गए पैसों को उन्होंने एक बैग में रखा हुआ था, जिसमें करीब 14 लाख रुपये से अधिक की रकम मौजूद थी। दोपहर का समय होने के कारण सड़क पर आम दिनों की तरह आवाजाही बनी हुई थी। जैसे ही सुधीर दीक्षित मंडी से कुछ दूरी पर पहुंचे, तभी अचानक बाइक और ऑटो में सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाश पूरी तरह से तैयारी के साथ आए थे। अचानक हुए इस हमले से सुधीर दीक्षित कुछ समझ पाते, इससे पहले ही एक बदमाश ने उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया। आंखों में तेज जलन के कारण वह असहज हो गए और अपना संतुलन खो बैठे।



**एक बदमाश पकड़ाया**

कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया। इसी दौरान एक बदमाश बाइक सहित भागने की कोशिश में गिर पड़ा, जिसे लोगों ने पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने मौके पर ही उस बदमाश को दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी. कुछ देर बाद मोतीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से आरोपी को सुरक्षित निकालकर हिरासत में लिया. पकड़े बदमाश से पूछताछ जारी है।

**व्यापारियों का फूटा गुस्सा**

स्थानीय व्यापारियों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि कृषि उपज मंडी जैसे व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े इस तरह की लूट से साफ है कि अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं और पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना के बाद मंडी क्षेत्र में कुछ देर के लिए कामकाज भी प्रभावित रहा। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं. लोगों के बीच यही चर्चा होती रही कि अगर भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह से लूट हो सकती है, तो आम आदमी कितना सुरक्षित है।

गिरते ही बैग छीनकर भागे बदमाश इसी दौरान दूसरे बदमाशों ने डंडे से उन पर हमला कर दिया। सिर और शरीर पर डंडे लगने से सुधीर दीक्षित सड़क पर गिर पड़े। कुछ ही सेकेंड में बदमाशों ने उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीना और मौके से फरार हो गए. पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ देर तक सन्न रह गए। दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात से कृषि उपज मंडी और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों में डर के साथ-साथ गुस्सा भी देखने को मिला। कई दुकानदार अपनी दुकानों से बाहर निकल आए।

### मानवता शर्मसार

## मरीज की पत्नी से कराई एंबुलेंस की सफाई, बोला- उल्टी की है तो धोना पड़ेगा



**सतना। दोपहर मेट्रो**

जिले के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में एक बार फिर संवेदनहीनता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है. रामनगर से सड़क हादसे में घायल एक मरीज को लेकर आई 108 एंबुलेंस के चालक ने अमानवीयता की हदें पार करते हुए मरीज की पत्नी से ही एंबुलेंस की सफाई करवा दी। यह शर्मनाक घटना जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर सबके सामने हुई।

दरअसल, रामनगर निवासी कमलेश रावत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका पैर टूट गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया. सतना आते समय रास्ते में मरीज कमलेश रावत की तबीयत बिगड़ने के कारण उसे उल्टियां हो गईं, जिससे एंबुलेंस का पिछला हिस्सा गंदा हो गया। जैसे ही एंबुलेंस जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंची, एंबुलेंस चालक ने संवेदनहीनता दिखाते हुए घायल मरीज की पत्नी से कहा कि वह एंबुलेंस को साफ करें।

विवश होकर महिला ने एक बाल्टी में पानी भरकर गंदी हुई सरकारी एंबुलेंस को धोना शुरू कर दिया। वीडियो में महिला स्पष्ट रूप से बता रही है कि ड्राइवर ने कहा है, ''उल्टी की है तो धोना पड़ेगा.' यह पूरी घटना अस्पताल के मुख्य गेट पर पर खुलेआम होती रही।

## नपा ने हटाया अतिक्रमण



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बहुत बुलंद है जिसको देखते हुए नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन ने सोमवार को बैंक स्ट्रीट व अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने का दुकान हटवा कर चेतावनी दी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते पाए गए तो नगर पालिका द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस अलर्ट, कहा- तुरंत सूचना दें

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

नगर में 10 और15 दिसंबर को नाबालिग बच्चियों को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चार पहिया वाहन में बैठाने का लालच देकर अगवा करने के प्रयास की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं के बाद नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। 10 दिसंबर को हुई पहली घटना में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत एक बच्ची ने अज्ञात व्यक्तियों के कहने पर वाहन में बैठने से इनकार किया, तो बच्ची के बताएं अनुसार अज्ञात लोगों ने उसके हाथ पर ब्लेड मार दी इसी प्रकार 13 दिसंबर को शासकीय कन्या शाला में पढ़ने वाली कुछ बच्चिया जब अपना अर्धवार्षिक का पेपर देने जा रही थी वह रास्ते में उन्हें भी लालच देकर बहन में बिठाने का प्रयास किया गया लेकिन बच्चों ने



सूझबूझ का परिचय दिया हुआ है वाहन में नहीं बैठी बच्चियों के कथनों के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इन घटनाओं के पश्चात पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क हो गया है। तेंदूखेड़ा के एसडीओपी डीएस ठाकुर निर्देशन में नगर निरीक्षक राघवेंद्र बागरी एवं पुलिस अमला नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस द्वारा स्कूलों से समन्वय स्थापित कर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। नगर निरीक्षक द्वारा स्वयं स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को समझाइश दी जा रही है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से बातचीत न करें, किसी भी प्रकार के लालच में न आएं तथा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों अथवा शिक्षकों को दें। इसके साथ ही अभिभावकों एवं आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि किसी भी अज्ञात या संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस थाने को सूचित करें। पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में न तो किसी सीसीटीवी फुटेज में और न ही अन्य किसी पुख्ता साक्ष्य में किसी प्रकार की ठोस जानकारी सामने आई है। साथ ही नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें एवं शांति बनाए रखें।

## नरसिंहपुर में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, किया प्रदर्शन



**नरसिंहपुर। दोपहर मेट्रो**

जिले में रबी सीजन के दौरान खाद की किल्लत किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। सालीचौका क्षेत्र में यूरिया खाद के लिए किसान घंटों लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं। सालीचौका के पौढार तिराहे स्थित सरकारी डबल लॉक खाद विक्रय केंद्र पर लगभग 300 किसानों की लंबी कतार देखी गई। सुबह से लाइन में लगे रहने के बावजूद, सीमित आपूर्ति के कारण कई किसानों को खाद नहीं मिल सकी। खाद की कमी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। स्थानीय किसान महिलाओं ने विरोध का एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने माँ नर्मदा के भजन-गीत गाकर प्रशासन से खाद उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। महिलाओं का कहना है कि यदि समय पर यूरिया नहीं मिली तो फसलों पर बुरा असर पड़ेगा।

### आरोपी की तलाश कर रही टाइगर रिजर्व की टीम

## चिंकारा के शिकार मामले में फरार आरोपी के घर से मिलीं सागौन की छह सिल्ली

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पुख्ता इंतजामों के बाद भी न तो वन्यजीव सुरक्षित है और न ही वन लगातार वनों की अवैध कटाई व शिकार की घटनाए सामने आ रही है। गत दिनों जहां टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के वन अमले ने लकलका बीट से चिंकारा के शिकारियों को पकड़ा था और उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया था। वहीं एक आरोपी जो अभी फरार है। उसके घर से वन अमले में सागौन भी जब्त किया है।



कार्रवाई में झापन रेंज की टीम ने ओर डॉग स्क्वायड गैलीलियों की मदद से जहा शिकारियों को पड़का गया था वहीं फरार आरोपी अरविंद पिता हरलाल यादव के घर से कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने सागौन की 6 सिल्लियां भी आरोपी के घर से बरामद की है जिसकी कीमत करीब 25 हजार से भी अधिक बताई गई है। रिजर्व का अमला जब फरार आरोपी अरविंद यादव के उसकी तलाश में पहुंची तो आरोपी के घर बड़ी बड़ी सागौन की सिल्ली दिखाई दी जब टीम ने उसके दस्तावेज मांगे तो जो कि मौके पर नहीं मिले बाद में उनको जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। जहां आरोपी अरविंद यादव पर दो प्रकरण दर्ज किए जिसमें पहला वन प्राणी शिकार अधिनियम का दूसरा अवैध रुप से सागौन की लड़की रखने का अभी भी आरोपी फरार है जिसकी टाइगर रिजर्व की टीम लगातार खोजबीन कर रही है इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर मोहम्मद शाकिर खान ने बताया कि अवैध सागौन लकड़ी की कीमत 2500 हजार रुपए है जो कि आरोपी अरविंद पिता हरलाल यादव के घर से जब्त की गई है सागौन की 5 सिल्लियां है आरोपी की तलाश की जा रही है

**मेट्रो एंकर** | 16 दिसंबर विजय दिवस को लेकर नगर के युवाओं ने दिया देशभक्ति का संदेश

# सैनिकों की वीरता के सम्मान में यंगस्टर्स लगा रहे देशभक्ति की डीपी

**विशाल रजक। तेन्दूखेड़ा**

कोई त्योहार हो या फिर कोई भी दिवस सोशल साइट्स उसे दूसरों को याद दिलाने और याद करने का अच्छा माध्यम बन चुका है तभी तो लोग सोशल मीडिया के इस प्लेटफार्म को उपयोग करने से बिल्कुल भी नहीं चूकते हैं। विजय दिवस में ऐसा ही देखने को मिल रहा है यंगस्टर्स अपनी डीपी में ऐसे ही बदलाव करते हुए दिखाई दे रहे हैं जहां पर वे विजय दिवस में सैनिकों की वीरता का सम्मान करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

विजय दिवस के एक दिन पूर्व से ही लोगों की डीपी में सैनिकों की फोटो के साथ उनकी वीरता का बखान कर रहे हैं कइयों ने तो अपने फोटो को हटाकर उसमें देश का झंडा लहरा रहे हैं। 16 दिसंबर को भी भारत में विजय दिवस मनाया जाता है और यह दिन इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इस दिन भारत-पाक युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। देश के वीर जवानों ने इस युद्ध में अपनी वीरता का अद्भुत परिचय दिया था। आज उन्हीं की वीरता को याद करने का दिन है।



16 दिसंबर को भी भारत मे विजय दिवस मनाया जाता है और यह दिन इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इस दिन भारत पाक युद्ध में पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली थी 16 दिसंबर 1971 को ढाका में 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया थ 13 दिन तक चले इस युद्ध में कई भारतीय जवान शहीद हुए थे इस दिन को बांग्लादेश मुक्ति दिवस भी कहा जाता है और यह पाकिस्तान से बांग्लादेश की आधिकारिक स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमारे देश भारत में कई अद्भुत और वीर सैनिकों ने जन्म लिया है, जिनके विजय की गाथाएं शायद हमेशा सुनाई जाती रहेंगी। 26 जुलाई को जहां भारत में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है वही क्या आप जानते हैं 16 दिसंबर को भारत विजय दिवस मनाया जाता है।



भारत सैनिकों की वीरता से भरा पड़ा है, भारत के बच्चे देश की मिट्टी के लिए सब कुछ दाव में लगा देते हैं आज उन्हीं को याद करने का दिन है।

**-गुड़िया ठाकुर**, तेंदूखेड़ा



भारत के सैनिक वीरता की पहचान है और इन्हीं की बदौलत हम आज सुरक्षित हैं विजय दिवस में ऐसी ही गाथा का उल्लेख है हमें नहीं भूलना चहिए।

**-अनुप्रिया रजक**



भारत की जल, थल और वायु सेना के जवान दृढ़ता और समर्पण की मिसाल हैं। अदम्य साहस एवं अद्भुत पराक्रम हमारी उपलब्धि है।

**-जानकी साहू, तेन्दूखेड़ा**



देश के लिए ऐसे दिन वीर सैनिकों के नमन का दिन होता है यदि हम उनके लिए ऐसा कुछ करते हैं तो यह गौरव की बात है।

**-भूमिका यादव, तेंदूखेड़ा**

**मेसी के टूर पर भड़के ओलंपियन अभिनव**

# इतना पैसा खिलाड़ियों पर खर्च होता तो खेल और हो जाता मजबूत

**नई दिल्ली।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा ने फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के भारत दौरे पर चल रही तैयारियों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि यह तमाशा उन्हें शांत उदासी का अनुभव दिलाता है और इससे यह चिंता पैदा होती है कि वास्तव में देश खेलों में क्या प्राथमिकता दे रहा है। बिंद्रा ने यह स्पष्ट किया कि वह मेसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं। उन्होंने मेसी का जिक्र महान खिलाड़ियों में किया। लेकिन उन्होंने इस दौरे पर सवाल उठाए जहां मेसी को लेकर इतनी बड़ी तैयारियां हो रही हैं और अव्यवस्था देखने को मिल रही है।



## बिंद्रा ने उठाए सवाल

अभिनव बिंद्रा ने कहा कि ऐसी अल्पकालिक मुलाकातों पर खर्च की गई ऊर्जा और संसाधनों के कुछ हिस्से का उपयोग अगर खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और मजबूत प्रोग्राम बनाने में किया जाता, तो यह भारत में खेल को और मजबूत कर सकता था। बिंद्रा ने सवाल किया कि क्या भारत वास्तव में खेल संस्कृति का निर्माण कर रहा है या सिर्फ महानता को दूर से मनाने में लगा है। उनके अनुसार, महान खेली राष्ट्र प्रणालियों, धैर्य और युवा प्रतिभाओं में निरंतर विश्वास से बनते हैं, न कि सिर्फ एक-एक करके शानदार पलों से। बिंद्रा ने यह भी साफ कहा कि मेसी जैसे महान सितारे लोगों को प्रेरित करते हैं, और प्रेरणा का अपना महत्व है, लेकिन इसे दीर्घकालिक इरादे और प्रतिबद्धता के साथ मिलाना चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियों के खिलाड़ियों को अपने खेल सपनों को पूरा करने के लिए संसाधन, समर्थन और विश्वास मिल सके।

## साई एनसीओई भोपाल ने सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2025 में 14 मेडल जीतकर जूडो में प्रभुत्व दिखाया

**भोपाल** भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र भोपाल के एथलीटों ने सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2025, जो इम्फाल में आयोजित हुई, में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 मेडल (6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज) अपने नाम किए और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता को दोबारा साबित किया। मुख्य आकर्षण रही ओलंपियन तुलिका मान, जिन्होंने लगातार छठा गोल्ड मेडल जीतकर भारतीय जूडो में अपनी विशेष पहचान बनाई। अन्य गोल्ड मेडल विजेता थे अस्मिता (48 किग्रा), इनुंगानबी (70 किग्रा), रितिका (78 किग्रा), अवतार सिंह (100 किग्रा), और रितिक सिंह (+100 किग्रा), जबकि सिल्वर मेडल रितु (52 किग्रा) और यश घंघास (+100 किग्रा) ने जीते। ब्रॉन्ज मेडल श्रद्धा (52 किग्रा), केंटु लैप (60 किग्रा), आराध्या चोपड़ा (90 किग्रा), श्रुति उनियाल (78 किग्रा), विशाल (100 किग्रा), और कंवरप्रीत कौर (+100 किग्रा) ने जीते। श्री अभिषेक सिंह चौहान, क्षेत्रीय निदेशक, NCOE भोपाल, ने एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यधिक खुशी व्यक्त की और सभी मेडल विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, अनुशासन और कोचिंग स्टाफ के निरंतर प्रयासों की सराहना की। श्री यशपाल सोलंकी ने कहा, यह हमारे लिए सीनियर नेशनल्स में इस वर्ष जूडो का एक मजबूत परिणाम है। अब हमारे पास संभावित एथलीटों के चेहरे हैं, जो आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, और ऐसा लगता है कि जूडो भारत के लिए गेम्स में शीर्ष मेडलिंग डिसिप्लिन में से एक होगा।





**बंगाल के शाहबाज को टीम किया जा सकता है शामिल**

# बीमारी के चलते अक्षर पटेल बाकी दो टी20 मैच से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के ऑलराउंडर अक्षर पटेल बीमारी के कारण भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज के शेष दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। अक्षर ने धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20 में हिस्सा नहीं लिया था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि की कि वह सीरीज के आगे किसी भी मैच में नहीं खेलेंगे।

स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर अक्षर ने इस सीरीज में आखिरी बार दूसरे टी20 में खेला था, जहां उन्हें बल्लेबाजी के लिए नंबर 3 पर प्रमोट किया गया था। हालांकि, अक्षर मुश्किल हालात में भारत को उबार नहीं सके और टीम को मुल्लांपुर में 51 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अक्षर पटेल को 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे।



उनकी बीमारी ऐसे अहम समय पर आई है, जब भारतीय टीम प्रबंधन टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। हालांकि, जब तक यह बीमारी गंभीर या लंबे समय तक रहने वाली नहीं होती, तब तक इससे अक्षर के चयन पर असर पड़ने की संभावना कम है।

### इस खिलाड़ी को मिली जगह

बंगाल के शाहबाज अहमद को अक्षर पटेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शाहबाज़, जिन्होंने मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अब तक चार विकेट लिए हैं, लगभग अक्षर जैसे ही (लाइक-टू-लाइक) विकल्प माने जा रहे हैं। यह लेफ्ट-आर्म स्पिनर इस समय घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

### कुलदीप यादव को भी टीम किया जा सकता है शामिल

अक्षर पटेल की गैरमौजूदगी में कुलदीप यादव को तीसरे टी20आई की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। लेग स्पिनर कुलदीप ने पारी के अंतिम ओवरों में दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवरों में सिर्फ 117 रनों पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। अभिषेक शर्मा ने इस लक्ष्य को आसान बना दिया और पावरप्ले में भारत को जबरदस्त शुरुआत दिलाई। अभिषेक की 18 गेंदों में 35 रनों की तूफानी पारी के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई, लेकिन मेज़बान टीम ने 15।5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। टी20आई सीरीज के आखिरी दो मुकाबले लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। तीन मैचों के बाद भारत सीरीज में 2-1 से आगे है। अब तक सीरीज के तीनों मुकाबले एकतरफा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने भी इस बात को स्वीकार किया और कहा कि प्रोटियाज़ टीम इस सीरीज में बने रहने के लिए दबाव की स्थिति में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।

**बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपनाया सख्त रूख**

# सिर्फ रोहित-कोहली ही नहीं, हर मौजूदा भारतीय खिलाड़ी के लिए विजय हजारे खेलना अनिवार्य किया

**मुंबई, एजेंसी**

**बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलना अनिवार्य होगा। यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से शुरू हो रहा है।**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले आखिरी टी20 मैच और 11 जनवरी 2026 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के बीच करीब तीन हफ्ते का अंतर है। इसी अवधि का उपयोग करते हुए बीसीसीआई अपने सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से जोड़े रखना चाहता है।

### चयन समिति ने खिलाड़ियों को दी साफ हिदायत

अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने यह निर्देश खिलाड़ियों तक पहुंचा दिया है। यह फैसला ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट सीरीज के खराब प्रदर्शन के बाद किए गए रिव्यू का हिस्सा है, जिसमें सभी फॉर्मेट्स में घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई थी।



### रोहित-विराट दे चुके हैं अपनी उपलब्धता की जानकारी

रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही अपनी उपलब्धता की जानकारी दे चुके हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा गया है। केवल श्रेयस अय्यर फिटनेस कारणों से फिलहाल इससे बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई अधिकारी का बयान- बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में कुल छह राउंड होंगे और खिलाड़ी और राज्य संघ यह तय कर सकते हैं कि वो किन दो राउंड में खेलेंगे। हालांकि, यह भी साफ कर दिया गया है कि हजारे ट्रॉफी खेलना अब वैकल्पिक नहीं है। केवल वही खिलाड़ी छूट पा सकते हैं जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनफिट घोषित करे।

### बुमराह पारिवारिक कारणों से लौटे घर

इस बीच जसप्रीत बुमराह तीसरे टी20 मैच से पहले निजी कारणों से घर वापस लौट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उनके एक बेहद करीबी पारिवारिक सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं। हालात सुधरने पर बुमराह चौथे या पांचवें टी20 मैच के लिए टीम से जुड़ सकते हैं। आईसीसी की समयसीमा को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की टीम का एलान एक ही दिन करेगा। संभावना है कि यह घोषणा जनवरी के पहले सप्ताह में होगी और दोनों के लिए टीम समान रहेगी

## टी20 वर्ल्ड कप से भी संजू की छुट्टी तय

**नई दिल्ली,** टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के पास केवल 7 मैच और बचे हैं. लेकिन अबतक कई ऐसे सवाल हैं जिसको लेकर लंबे समय से बहस जारी है। सबसे बड़ी परेशानी है कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल का फॉर्म में न होना। दोनों ने इस साल अभी तक कोई फिफ्टी नहीं जड़ी है। लेकिन अभिषेक शर्मा काफी आश्वस्त हैं। अभिषेक शर्मा ने धर्मशाला में भारत की जीत के बाद बहुत स्पष्ट रूप से इन दोनों का समर्थन किया। उन्होंने सबको अनुरोध किया कि सूर्यकुमार और गिल पर भरोसा रखें। अभिषेक ने कहा कि दोनों ञ20 वर्ल्ड कप में भारत को मैच जिताएंगे। और उसके पहले की सीरीज़ों में भी यही करेंगे। उनके पास इनके साथ वर्षों का साझा क्रिकेट अनुभव है, जो उन्हें विशेष रूप से गिल के खेल को समझने में अधिक आत्म-विश्वास देता है क्योंकि वे एक ही उम्र-ग्रुप क्रिकेट से साथ खेले हैं। एक प्रसिद्ध कहावत है कि फॉर्म अस्थायी है, लेकिन क्लास स्थायी है। यही बात अभिषेक ने गिल के बारे में कही।

## 6 छक्के और 9 चौके... आइर्दपीएल ऑक्शन से पहले टिम ने जड़ा तूफानी शतक

**नई दिल्ली।** बिग बैश लीग 2025-26 के दूसरे मुकाबले में 15 दिसंबर (सोमवार) को न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट का जलवा देखने को मिला। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए ओपनिंग करने उतरे सेफर्ट ने ब्रिसबेन हीट के खिलाफ ऐसा विस्फोटक शतक जड़ा, जिसने ना सिर्फ मैच का रुख बदल दिया, बल्कि इंडियन प्रीमियर लीग की मिनी ऑक्शन से पहले उनकी डिमांड भी बढ़ा दी। जिलॉन्ग के सिमोंड्स स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टिम सेफर्ट ने शाहीन शाह आफरीदी, जैवियर बार्टलेट जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। शुरुआती ओवरों में जोश ब्राउन और मोहम्मद रिजवान के जल्दी आउट हो जाने के बावजूद सेफर्ट अकेले दम पर मेलबर्न की पारी को संभाले रहे। सेफर्ट ने महज 53 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया और वह मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

**हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ने लिया बड़ा फैसला**

# फिल्मों में लड़कियों को नहीं करेंगे किस

**हॉलीवुड के जाने माने एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने अपने एक्टिंग करियर में एक बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने एलान किया है कि वह फिल्मों में लड़कियों के साथ किसिंग सीन नहीं करेंगे। 64 साल के अभिनेता क्लूनी ने जानकारी दी है कि उन्होंने यह फैसला अपनी पत्नी अमाल क्लूनी से बातचीत के बाद लिया है।**



डेली मेल को दिए इंटरव्यू में जॉर्ज क्लूनी ने कहा मैं पॉल न्यूमैन वाली राह पर चलने की कोशिश कर रहा हूं। अब मैं किसी लड़की को किस नहीं करूंगा। जब मैं 60 साल का हुआ, तो अपनी पत्नी से बात की। मैंने कहा- मैं अब भी 25 साल के लड़कों के साथ बास्केटबॉल खेल सकता हूं। मैं फिट हूं। लेकिन 25 साल बाद मैं 85 का हो जाऊंगा। कितने भी ग्रेनोला बार खा लूं लेकिन यही सच है।

**पहले भी कर चुके हैं इस तरह की बात-** जॉर्ज क्लूनी ने पहले भी इस तरह की बातें की थीं। इस साल मार्च में उन्होंने कहा था कि वह रोमांटिक फिल्मों से दूर हो रहे हैं। 60 मिनट्स से बातचीत में उन्होंने कहा था मैं 63 साल का हूं। मैं 25 साल के लीडिंग मैन से कंपटीशन नहीं करना चाहता। ये मेरा काम नहीं है। मैं अब रोमांटिक फिल्में नहीं कर रहा।

### निर्देशक ने की थी आलोचना

न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ 2022 के एक इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआत को याद करते हुए, एक्टर ने बताया कि एक बार एक निर्देशक को उनकी ऑन स्क्रीन किसिंग पसंद नहीं आई थी। इसलिए उन्होंने उनकी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था। मुझे याद है, करियर के शुरुआत में मुझे एक किसिंग सीन करना था। निर्देशक बोला, ऐसे नहीं। मैंने कहा, ड्यूड, असल जिंदगी में मैं यही तो करता हूं। वन फाइन डे, आउट ऑफ साइट, अप इन द एयर और टिकट टू पैराडाइज जैसी रोमांटिक फिल्मों के एक्टर जॉर्ड क्लूनी ने साल 2014 में अपने से 17 साल छोटी अमाल क्लूनी से शादी की थी। दोनों से दो जुड़वा बच्चे हैं।

**श्रद्धा ने 'धुरंधर' का किया रिव्यू, कहा-**

# हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में बॉलीवुड की 'स्त्री' यानी श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि



दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि 'छावा', 'सैयारा' और 'धुरंधर' सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया।



**मेट्रो बाजार**

# भारत में नवंबर में रिकॉर्ड 11 अरब डॉलर से अधिक के 270 सौदे हुए

**नई दिल्ली।** भारत में नवंबर 2025 में सौदों यानी डील्स एक्टिविटी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसमें आईपीओ और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट्स (क्यूआईपी) को मिलाकर कुल 270 डील्स हुई हैं, जिनकी वैल्यू 11.4 अरब डॉलर रही। ग्रांट थॉर्नटन भारत की लेटेस्ट डीलट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक, यह अब तक की सबसे बड़ी मासिक डील्स संख्या है, जो भारत की आर्थिक स्थिति में मजबूत निवेशक विश्वास को दर्शाता है, भले ही बड़े लेनदेन में कुछ मंदी आई हो। इस रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में निजी बाजार में भी 252 डील्स हुईं, जिनकी कुल कीमत 6.7 अरब डॉलर थी। कुल डील्स की संख्या अक्टूबर के मुकाबले 24 प्रतिशत बढ़ी, हालांकि डील की वैल्यू में 32 प्रतिशत की गिरावट आई। नवंबर में 1.1 अरब डॉलर मूल्य के 99 विलय और अधिग्रहण सौदे हुए हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी मासिक एमएंडए डील्स संख्या है। हालांकि, इस महीने बड़े सौदों की कमी के कारण डील्स की वैल्यू में गिरावट आई। इसमें घरेलू डील्स की 85 प्रतिशत हिस्सेदारी रही, जबकि आउटबाउंड डील्स की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत रही, जो भारतीय कंपनियों के वैश्विक विस्तार की योजना को दर्शाता है। नवंबर में 153 प्राइवेट इक्विटी डील्स हुई हैं, जिनकी कुल कीमत 5.5 अरब डॉलर थी, जो जून 2022 के बाद से सबसे बड़ी मासिक पीई वैल्यू को दर्शाता है। इसमें बड़ी निवेश परियोजनाओं ने मदद की।

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र दुनिया के लिए बनेगा मिसाल : पीयूष गोयल ने किया दावा

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत ने बिजली उत्पादन, ग्रिड एकीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले 11 वर्षों में भारत के ऊर्जा क्षेत्र की यात्रा इस बात का सबूत है कि साहसिक सोच, ईमानदारी और लगातार प्रयास एक राष्ट्र की तकदीर बदल सकते हैं।



गोयल ने कहा कि यह बदलाव संयोग नहीं, बल्कि स्पष्ट विजन और लगातार प्रयासों का परिणाम है। भारत अब बिजली की कमी से बिजली सुरक्षा और आगे बिजली स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, हमारा ऊर्जा क्षेत्र वैश्विक उदाहरण बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत ने 1,048 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जबकि कोयला आयात लगभग 8 प्रतिशत घटा। सौर ऊर्जा क्षमता पिछले 11 सालों में 46 गुना बढ़ी, इसमें भारत अब दुनिया में तीसरे स्थान पर है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 2014 के 21 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 53 गीगावाट हो गई। गोयल ने कहा कि भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब बन चुका है और अपनी रिफाइनिंग क्षमता को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके अलावा, देश में 34,238 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन स्वीकृत की गई, जिसमें से 25,923 किलोमीटर काम कर रही है। इन सभी उपायों से भारत का ऊर्जा नेटवर्क और भी मजबूत हो रहा है, जो भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करेगा।



# जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी
## पहाड़ियों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर

**श्रीनगर।** कश्मीर में एक माह से पारा लगातार गिर रहा था। अब रात हुई बर्फबारी ने घाटी को कड़ाके की ठंड से राहत दी है। सिर्फ पुलवामा माइनस 2.7 डिग्री के साथ अब भी सबसे ठंडा क्षेत्र बना हुआ है।मौसम विभाग ने आज सोनमर्ग और जोजिला सहित ऊंचाई वाले इलाकों में और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में हल्की बर्फबारी की सबसे ज्यादा संभावना सोनमर्ग-जोजिला-द्रास अक्ष के साथ-साथ बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के ऊंचे इलाकों में है।सिंथन टॉप, मरगन टॉप और अफरवाट पहाड़ियों पर भी बहुत हल्की बर्फबारी हो सकती है। ऊपरी इलाकों में इन अलग-अलग जगहों पर बर्फबारी को छोड़कर पूरे क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। हालांकि, एक सप्ताह तक बारिश की संभावना नहीं है।

न्यूज विंडो

### विजय दिवस पर राष्ट्रपति, पीएम समेत कृतज्ञ राष्ट्र ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** विजय दिवस भारत के इतिहास का सबसे गौरवशाली दिन है। यह दिन भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान की याद दिलाता है। आज से 54 साल पहले आज के दिन ही भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने अद्वितीय पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी और पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराया था। इतना ही नहीं इस ऐतिहासिक जीत के साथ न केवल बांग्लादेश का जन्म हुआ, बल्कि भारत ने दुनिया को अपनी सैन्य ताकत और राष्ट्रहित के प्रति संकल्प का संदेश भी दिया। विजय दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, द्रौपदी मुर्मू समेत कई नेताओं ने भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान को याद किया। आज विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को याद किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि 1971 के युद्ध में भारतीय सेना ने अद्भुत साहस दिखाकर देश को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

### पेश नहीं हुआ शुभम, आर्पिक फार्मा के संचालक को पूछताछ के लिए बुलाया

**लखनऊ।** कफ सीरप मामले का मुख्य आरोपी शुभम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुआ है। ईडी के अधिकारी को उसके आने का इंतजार करते रहे। शुभम को ईडी ने पूछताछ के लिए लखनऊ स्थित दफ्तर बुलाया था।वहीं, इस मामले में एक अन्य आरोपित आर्पिक फार्मा के संचालक मनोहर लाल जायसवाल को ईडी ने मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। आरोप है कि कफ सीरप की काफी मात्रा आर्पिक फार्मा के संचालक ने अपनी सहयोगी कंपनी इधिका साइंसेस के साथ मिलकर कई राज्यों में सप्लाई की थी। कफ सीरप के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए सरकार द्वारा गठित की गई स्पेशल टाक्स फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार आरोपित अमितत टाटा और बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह से पूछताछ पूरी कर ली है। पूछताछ में मिली जानकारी को एसटीएफ ने ईडी के साथ भी साझा किया है। दोनों आरोपितों ने कई सिंडिकेट के बारे में कई अहम जानकारियां दी हैं। पूछताछ में सिंडिकेट से जुड़ी 14 और फर्मों व उनके संचालकों के नाम सामने आए हैं। इनसे भी जल्द पूछताछ की जाएगी। फिलहाल सिंडिकेट के नेटवर्क की सारी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

### कांग्रेस नेता की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मचाया उत्पात

**रायपुर।** रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथपारा इलाके में आधी रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने सड़कों पर जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव राहुल ठाकुर स्कॉर्पियो चला रहे थे। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्होंने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो बेहद तेज रफ्तार में थी। अचानक हुई टक्करों से कई लोग बाल-बाल बचे। घटना का पूरा दृश्य आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है, जिसमें वाहन के अनियंत्रित होकर इधर-उधर टकराते हुए साफ देखा जा सकता है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि टक्कर के बाद भी चालक और उसके साथी वाहन से उतरकर हंगामा करने लगे। गुस्साए लोगों ने राहुल ठाकुर और उसके साथियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी।

भारत ने एक बार पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में जमकर लगाई लताड़, कहा-

# जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमारा था, है और रहेगा...

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में जमकर लताड़ लगाई है। यूएन सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान ने अमन और शांति का जिक्र करते हुए जम्मू कश्मीर पर दावा ठोकने की कोशिश की। मगर, हर बार की तरह इस बार भी पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरीश परवथानेनी ने दो टूक शब्दों में कहा, 'जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। वो पहले भी भारत का हिस्सा थे और हमेशा रहेंगे। 'भारत ने संयुक्त राष्ट्र में न सिर्फ सिंधु जल संधि को समाप्त करने का कारण स्पष्ट किया, बल्कि पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र भी बताया है।

### सिंधु जल संधि पर दिया जवाब

संयुक्त राष्ट्र में हरीश परवथानेनी ने कहा, 'भारत पिछले 65 साल से मित्रता और सद्भावना के कारण सिंधु जल संधि का पालन कर रहा था। मगर इस बीच पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले करवाए और संधि की भावना का उल्लंघन कर दिया। ' हरीश ने पाकिस्तान की कायराना हरकत का जवाब देते हुए कहा पाकिस्तान के द्वारा शय दिए गए आतंकवादी हमलों में हजारों भारतीयों की जान जा चुकी है। इसी साल अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 1 विदेशी नागरिक समेत 26 लोग मारे गए थे।



### पाक आतंकवाद का वैश्विक केंद्र

सिंधु जल संधि पर बात करते हुए भारत ने कहा, 'भारत ने आतंकवाद के वैश्विक केंद्र पाकिस्तान के साथ यह संधि स्थगित करने की घोषणा की है। जब तक पाकिस्तान की मिट्टी में पनप रहा आतंकवाद पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता, तब तक यह संधि स्थगित रहेगी।'

पीएम मोदी का जॉर्डन दौरा

### विदेश सचिव बोलीं- आतंकवाद पर दोनों देशों का एक रुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी अपने जॉर्डन दौरे पर है। जहां उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया। इसी बीच विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) डॉ नीना मल्होत्रा ने पीएम मोदी के जॉर्डन दौरा की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 37 साल बाद पहली बार है कि जब भारत के किसी प्रधानमंत्री ने जॉर्डन का पूर्णकालिक द्विपक्षीय दौरा किया है।पत्रकारों से बातचीत के दौरान डॉ. मल्होत्रा ने कहा कि जोर्डन की ओर से भारत के आतंकवाद विरोधी संघर्ष का समर्थन किया गया और सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की गई। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने भी इस दौरान जोर्डन के राजा के उदारवाद और इस्लामिक दुनिया में मध्यमार्ग की भूमिका की सराहना की। मल्होत्रा ने इस बात पर भी जोर दिया कि दोनों देशों ने उर्वरक, विशेषकर फॉस्फेट के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 5 बिलियन तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

फ्रांस से भारतीय कंपनी को मिला बड़ा ठेका

## भारत में बनेंगे फाइटर जेट राफेल के रडार पार्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा क्षेत्र में भारत के स्वदेशीकरण और मेक इन इंडिया मुहिम को बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। फ्रांस की एयरोस्पेस और डिफेंस क्षेत्र की बड़ी कंपनी थेल्स ने एक भारतीय कंपनी को राफेल फाइटर जेट में इस्तेमाल होने वाले रडार का महत्वपूर्ण पार्ट बनाने का ठेका दिया है। सोमवार को थेल्स ने कहा कि राफेल प्रोग्राम के लिए इस तकनीकी रूप से जटिल वायर्स स्ट्रक्चर को भारत में बनाया जाएगा, जिसके लिए हाई वैल्यू कॉन्ट्रैक्ट एसएफओ टेक्नलॉजीज को दिया गया है।



एसएफओ टेक्नलॉजीज की फैसिलिटी भारत में कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और मैसूरु के अलावा अमेरिका में भी एक स्थान पर है। थेल्स की ओर से कहा गया है, 'ये कंपोनेंट पर्यावरण की मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिजाइन किए गए हैं और आरबीई2 एईएसए रडार का एक अहम हिस्सा हैं, जो राफेल फाइटर जेट के कोर मिशन सिस्टम में से एक है।'

### 26 राफेल के नए ऑर्डर के बाद कदम

हाल ही में भारत ने नौसेना के लिए 26 राफेल विमानों का ऑर्डर दिया है। थेल्स ने कहा, 'यह कदम भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल विमानों के भारत से ऑर्डर मिलने के बाद हुआ है। डसॉल्ट एविएशन राफेल इंडस्ट्रियल टीम के भागीदार के तौर पर थेल्स एक स्थानीय रोडमैप पर काम कर रही है, जिसमें एयरोनॉटिक्स और डिफेंस इकोसिस्टम में भारतीय कंपनियों के साथ गहरा आपसी तालमेल शामिल है।' राफेल फाइटर जेट में इस्तेमाल होने वाला आरबीई2 एईएसए रडार एक खास तरह का रडार होता है, जो टारगेट को बहुत ही तेजी से ट्रैक कर सकता है।

पीएम ने आतंकी से भिड़ने वाले अहमद की तारीफ करते हुए कहा-

## आप ऑस्ट्रेलियाई हीरो हो

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर हमले से पूरी दुनिया स्तब्ध हैं, वहीं इसी दौरान एक शख्स की बहादुरी की हर कोई तारीफ कर रहा है।



आज ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बॉन्डी बीच पर हमले के दौरान हीरो बनकर सामने आए अहमद अल अहमद से अस्पताल में मुलाकात की। इस दौरान अल्बनीज ने देश को हिला देने वाले हमले को रोकने में उनकी असाधारण बहादुरी की तारीफ की और उन्हें ऑस्ट्रेलिया का हीरो कहा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अस्पताल के अंदर मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा, 'अहमद, आप एक ऑस्ट्रेलियाई हीरो हैं।'

रविवार की शाम सिडनी के बॉन्डी बीच पर दो बंदूकधारियों ने हनुका कार्यक्रम के लिए जमा हुए यहूदी समुदाय के लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी थी। जब बंदूकधारी अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे, उसी समय अहमद अल अहमद अपनी जान की परवाह न करते हुए एक शूटर पर टूट पड़े थे और उससे हथियार छीन लिया था। इस दौरान दूसरे शूटर ने अहमद को गोली मार दी थी।

## स्वास्थ्य - चिकित्सा शिक्षा में प्रदेश को अग्रणी बनाने की कोशिश जारी: शुक्ल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पिछले दो सालों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के कई कदम उठाए गए हैं। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण और डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन में प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने का प्रयास है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य - चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस संबंध में दोपहर मेट्रो से खास बातचीत की।



श्री शुक्ल के बताया कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को सरकार ने अपनी प्राथमिकता में रखा है। ऐसी के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हुई है, और निजी मेडिकल अब 12 से बढ़कर 14 हो गए हैं। । दमोह, बुधनी और छतरपुर में भी आगामी सत्र से मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे, जबकि राजगढ़, मंडला और उज्जैन में इसके लिए काम हो रहा है। पीपीपी मॉडल पर 9 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाने हैं जिनमें चार (कटनी, धार, पन्ना, बैतूल) निर्माण प्रक्रिया में हैं। 50 सीटों वाले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, इंदौर का संचालन प्रारंभ हो चुका है। सरकारी एमबीबीएस सीटें 2275 से बढ़कर 2850 हुई हैं और सरकारी व निजी मिलाकर कुल सीटें 5550 हो गई हैं। इसी तरह कुल पीजी सीटें 2862 हो गई हैं। सुपरस्पेशियलिटी सीटें 93 उपलब्ध हैं। श्री शुक्ल ने बताया कि स्यास्थ्य सुविधाओं के तहत तीन नए जिला अस्पताल (मैहर, मऊगंज, पांडुरना) शुरू किए गए हैं । पाँच अस्पतालों को अपग्रेड किया गया। जिला चिकित्सालय टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर और डिंडोरी का उन्नयन करते हुए कुल 800 बिस्तरों की वृद्धि और 810 नवीन पदों की स्वीकृति हुई।

**विशेष सेवाएं:** मई 2024 में पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई और योजना प्रारंभ से कुल 109 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। जुलाई 2025 से शव परिवहन सेवाएं प्रारंभ हुई और अब तक 6308 नागरिकों के शव का सम्मानजनक परिवहन किया गया। 3 जिला चिकित्सालयों में MRI सेवाएँ प्रारंभ की गई हैं और अब तक 10,229 MRI जांचें की जा चुकी हैं। 12 नवीन डायलिसिस यूनिट प्रारंभ की गई, और 2024-26 में कुल 3,07,699 डायलिसिस सेशन किए गए। इसके साथ ही सभी जिला चिकित्सालयों में जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए।

मेट्रो एंकर

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त, कहा-

# अमीर तोड़ते हैं नियम और भुगत रहे गरीब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर गहराते संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने कुछ अहम टिप्पणियां कीं। अदालत ने कहा कि प्रदूषण कम नहीं होने की एक बड़ी वजह आदेशों का प्रभावी ढंग से पालन नहीं होना और अमीर-संपन्न लोगों का जीवनशैली में बदलाव नहीं करना है। अदालत ने गरीबों और आम लोगों पर होने वाले इसके बुरे असर को लेकर चिंता जाहिर की।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुलस एम पंचोली की बेंच ने यह टिप्पणियां तब कीं जब न्याय मित्र अपराजिता सिंह ने अदालत को बताया कि वायु प्रदूषण अब भी गंभीर स्थिति में है और दिल्ली-एनसीआर में लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बहुत बुरा असर हो रहा है। यह स्थिति सुप्रीम कोर्ट की ओर से कई निर्देश जारी करने के बावजूद है।





सिंह ने कहा, 'इन आदेशों का कार्यान्वयन और प्रोटोकॉल के अनुसार कार्रवाई हमेशा धीमी रही है।' इस पर चीफ जस्टिस की अगुआई वाली बेंच ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेश पारित किए हैं, फिर भी स्थिति में बदलाव नहीं है। समाधान क्या है? हमें व्यवहारिक आदेश देने चाहिए जिस पर अमल हो सकता है। अन्यथा लोग इनका उल्लंघन करते रहेंगे।'

चीफ जस्टिस ने कहा, 'लोगों को यह समझना चाहिए कि वक्त की आवश्यकता है कि वे अपनी जीवनशैली को बदलें। संपन्न तबका प्रतिबंधों को नहीं मानता है और डीजल कारों, जेनरेटर और प्रदूषण फैलाने वाले अन्य गैजेट्स का का इस्तेमाल जारी रखता है। गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण राष्ट्रीय राजधानी और आसपाल के इलाकों का दम घोंट रहा है। गरीब और कामकाजी तबका सबसे अधिक प्रदूषण का सामना करता है और सबसे अधिक भुगतता है।'

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564